* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

23 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 183


उत्तराखंड की चारधाम यात्रा शुरू खुले गंगोत्री और यमुनोत्री के पट











### तमाड़ के एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल में रैगिंग

# आधा दर्जन छात्रों को लाठी डंडों से पीटा, 11 निष्कासित

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़।** प्रखंड के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सलगाडीह में रैगिंग और छात्रों के बीच मारपीट हुई है। विद्यालय के 11 छात्रों को निष्काषित कर दिया गया है। रांची उपायुक्त को इसकी लिखित सूचना दी गयी है। जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल की रात डेढ़ बजे 10वीं के छात्रों ने आठवीं और नौवीं के छात्रों के साथ रैगिंग की। सीनियर उन्हें स्कूल की तीसरी मंजिल पर ले गये और लगभग आधा दर्जन छात्रों को लाठी-डंडे से पीटा। इससे अभिषेक मुंडा, मुकुंद मुंडा, नितेश असुर, सागर मुंडा और उमाकांत मुंडा घायल हो गये। घटना के बाद घायल छात्र घर भाग गये। विद्यालय प्रबंधन को घटना की जानकारी नहीं थी। अभिभावकों द्वारा सूचना दिये जाने




पर प्रबंधन सक्रिय हुआ। जिन छात्रों को निष्कासित किया गया है, उनमें अमन कुमार, मनीष उरांव, मनोहर उरांव, रजनीश उरांव, राहुल उरांव, पवन उरांव, परमेश्वर उरांव, अमित उरांव, दिनेश उरांव, राजकिशोर उरांव और विक्रम मुर्मू शामिल हैं।

इस पूरे मामले में उप प्राचार्य आकाश कुमार की भूमिका सवालों के घेरे में है। उन्होंने इस घटना की सूचना थाना को नहीं दी है। उन्होंने अभिभावकों से ही प्राचार्य के नाम से एक पत्र लिखने को कहा, जिसे अभिभावकों ने इनकार कर दिया। बता दें कि इस तरह की घटना स्कूल में पहले भी घट चुकी है। यहां के पूर्व प्राचार्य को भी छात्रों ने पीटा था। विद्यालय को चलाने का ठेका सरकार ने केराली स्कूल टाटा को दिया है।

## राहुल गांधी ने सरकारी बंगले की चाबी सचिवालय को सौंपी

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी ने शनिवार को तुगलक रोड लेन स्थित अपने सरकारी बंगले की चाबी लोकसभा सचिवालय को सौंप दी। राहुल ने बंगले का दरवाजा खुद लॉक किया, लोकसभा के स्टाफ को चाबी दी, हाथ मिलाया और मां और बहन प्रियंका के साथ सोनिया गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ के लिए निकल गये। बंगला छोड़ने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान की जनता ने 19 साल के लिए मुझे यह घर दिया। मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं।

# पीएम मोदी को मानव बम से उड़ाने की धमकी

### केरल भाजपा को मिली राजीव गांधी जैसा हाल करने की चिट्ठी

- कुछ दिन पहले इंटेलिजेंस रिपोर्ट भी लीक हुई थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुवनंतपुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को केरल जायेंगे। उनके दौरे से पहले केरल भाजपा अध्यक्ष के सुरेंद्रन को धमकी भरा पत्र मिला है। पत्र में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान मानव बम से हमले की धमकी दी गयी है। पत्र मलयालम में है। इसमें कहा गया है कि मोदी का हाल राजीव गांधी जैसा होगा। बता दें कि 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदुर में राजीव गांधी की हत्या कर दी गयी थी। सुरेंद्रन ने कहा कि हमने पुलिस को धमकी भरा पत्र सौंप दिया है। चौंकाने वाली बात है कि एडीजीपी इंटेलिजेंस की 49 पन्नों की एक खुफिया रिपोर्ट भी कुछ दिन पहले मीडिया में लीक हुई है। रिपोर्ट में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के नाम, उनकी भूमिका, पीएम के विस्तृत कार्यक्रम चार्ट सहित अन्य मामलों की डिटेल दी गयी है। रिपोर्ट में राज्य में आतंकवादी और राष्ट्र विरोधी ताकतों की उपस्थिति का उल्लेख किया गया है, जो चौंकानेवाला है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री को धमकी मिलना सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है।

केरल भाजपा अध्यक्ष के सुरेंद्रन के मुताबिक पत्र भेजने वाले का नाम एर्नाकुलम निवासी जोसेफ जॉनी है। हालांकि पुलिस की पूछताछ में जॉनी ने ऐसी चिट्ठी भेजने से इनकार किया है। पुलिस ने एहतियातन सुरक्षा बढ़ा दी है। राज्य में हाइ अलर्ट जारी कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि धमकी भरे पत्र में जिस पते का जिक्र किया गया है, वहां पर एक व्यक्ति मिला। उसे पत्र के बारे में कुछ नहीं पता था। पत्र की बात सुनकर वह काफी डर गया। पुलिस ने उनकी लिखावट का मिलान किया। दोनों मैच नहीं हुए।

### कल से पीएम का आठ शहरों का दौरा



पीएम मोदी 24 अप्रैल से आठ शहरों के सात कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पीएमओ की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक मोदी सोमवार से 36 घंटे के भीतर आठ शहरों में 53 सौ किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेंगे। 24 अप्रैल को पीएम दिल्ली से मध्यप्रदेश, फिर दक्षिण में केरल, उसके बाद पश्चिम में केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव की यात्रा करेंगे। पीएम दिल्ली से खजुराहो जायेंगे और करीब पांच सौ किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। यहां से वह राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए रीवा जायेंगे। इसके बाद वह वापस खजुराहो आयेंगे। खजुराहो के बाद मोदी यूथ कॉनक्लेव में भाग लेने के लिए केरल के कोच्चि रवाना होंगे। मंगलवार की सुबह मोदी तिरुवनंतपुरम जायेंगे। वहां पीएम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। इसके बाद विभिन्न प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इसके बाद पीएम गुजरात के सूरत रवाना होंगे। वहां से सिलवासा जायेंगे। सिलवासा में मोदी नमो मेडिकल कॉलेज का दौरा करेंगे और विभिन्न प्रोजेक्ट का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वह देवका समुद्री तट के उद्घाटन के लिए दमन जायेंगे, जिसके बाद वह सूरत जायेंगे। सूरत से वह दिल्ली लौट आयेंगे।

## इडी ने छवि रंजन को भेजा तीसरा समन, कल पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इडी ने नया समन जारी कर 24 अप्रैल को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है। पहले उन्हें 21 अप्रैल को हाजिर होने को कहा गया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। आइएएस अधिकारी के वकील अभिषेक कृष्ण गुप्ता ने कहा कि छवि रंजन शनिवार शाम को राज्य की राजधानी लौट आयेंगे और उन्हें नयी तारीख का समन दिया जाये। छवि रंजन 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। सूत्रों ने



कहा कि उनका बयान पीएमएलए के प्रावधानों के तहत दर्ज किया जायेगा। इडी ने 13 अप्रैल को आइएएस अधिकारी से संक्षिप्त पूछताछ की थी, जब इस मामले में झारखंड, बिहार तथा पश्चिम बंगाल में उनके तथा अन्य लोगों के परिसरों पर छापे मारे गये थे।

## दाहू यादव के पिता पशुपति को न्यायिक हिरासत में भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में फरार चल रहे दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को साहिबगंज की नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके बाद शनिवार को उन्हें रांची जज कॉलोनी स्थित इडी के विशेष न्यायाधीश के आवासीय कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। वहां कोर्ट ने दाहू यादव के पिता को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**दाहू यादव तक पहुंचने का प्रयास कर रही है इडी :** बता दें कि दाहू यादव के पिता की



गिरफ्तारी को लेकर इडी की स्पेशल कोर्ट ने वारंट जारी किया था। दाहू यादव तक पहुंचने के लिए इडी लगातार प्रयास कर रही है। कई बार समन जारी करने के बावजूद दाहू इडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ। फिलहाल दाहू यादव फरार चल रहा है।

### जमीन महाघोटाले में आइएएस छवि रंजन के खिलाफ इडी करे जांच

# कमिश्नर की रिपोर्ट पर सरकार की चुप्पी की भी हो पड़ताल: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने समाज कल्याण विभाग के निदेशक आइएएस छवि रंजन के जमीन घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया है। ट्विटर पर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा है कि इडी तो छवि रंजन से जमीन घोटाले में पूछताछ करे ही, उसके खिलाफ रांची के कमिश्नर की रिपोर्ट के बाद भी राज्य सरकार के स्तर से कार्रवाई नहीं किये जाने के कारणों की भी पहचान करे। पूर्व डीसी रहते छवि रंजन ने रांची में जाली कागजात से जमीन में हेराफेरी की। लोगों को नोटिस देकर परेशान और भयादोहन भी उसके कार्यकाल में खूब हुआ। प्रवर्तन निदेशालय, रांची जमीन महाघोटाले की जांच और उससे पूछताछ करे। पूर्व में छवि रंजन के खिलाफ कमिश्नर की ओर से एक रिपोर्ट तैयार की गयी



थी, पर सरकार ने कार्रवाई नहीं की। इडी इसके कारणों का भी संज्ञान लेकर पड़ताल करे।

**मुख्यमंत्री को हिदायत :** बाबूलाल ने एक वीडियो जारी करते हुए मुख्यमंत्री को सावधान किया है। उन्होंने कहा है कि वह अपनी आंखें खोलें। देखें कि कैसे जमीन महघोटालेबाज आइएएस छवि रंजन के नेतृत्व में पुलिस की ताकत का दुरुपयोग होता था। पुलिस की मदद से टेंट लगा कर कर रात में भी जमीन पर कब्जा करवाया जाता था। इडी की कार्रवाई के बाद जमीन कब्जा जुल्म से पीड़ित हुए लोग अब ऐसी सैकड़ों तस्वीरें थोक के भाव एजेंसी और मीडिया को भेज रहे हैं। ऐसी तस्वीरों के जरिये रांची जमीन लूट पाप की कहानी सामने आ रही है। आपके राज में ऐसा होने और ऐसी कहानियां सामने आने के बावजूद आप जांच और कार्रवाई नहीं करेंगे, तो इस पाप के जुर्म में आपको जेल जाने से कौन बचायेगा। बाबूलाल ने कहा है कि उनकी बातों को गंभीरता से लिया जाये। इस महापाप के दोषी उन प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों पर सरकार कार्रवाई करे, जिन्होंने पैसों के लालच में सरकार की नाक के नीचे उसकी नाक काटने का काम किया है। उन्हें सजा दें।

**आदिवासी के नाम पर घड़ियाली आंसू :** बाबूलाल ने कहा है कि रांची जमीन घोटाले की जांच में मिल रहे कागजातों से बेईमानों और घोटालेबाजों के बारे में हैरान करनेवाली ऐसी चीजो का पर्दाफाश होने लगा है। इस पर पहली नजर में कोई तुरंत विश्वास नहीं करेगा। खबरों से पता चल रहा है कि काली कमाई और बेईमानी का धन खपाने के लिए झारखंड के प्रभावशाली राजनीतिक राज परिवार के कई लोग ऐसी संपत्तियों को छुपा कर रखने के लिए अपने और अपने पिता के नाम तक में हेराफेरी करने का गोरखधंधा किये हुए हैं। कानून की पकड़ से बचने के लिए गलत काम कर लिये गये हैं। बेहिसाब संपत्तियों के बारे में आयकर या अन्य किसी विभाग से जानकारी छुपा कर रखी गयी है। इसका खुलासा जांच एजेंसियों को रांची जमीन महा घोटाला की जांच के दरम्यान मिले कागजातों से हुआ है। अब ऐसे लोग घोटालेबाजी, जालसाजी में पकड़े जाने पर जेल जायेंगे। इससे बच निकलने के लिए आदिवासी होने की दुहाई देकर घड़ियाली आंसू बहायेंगे।




आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# मिशन 2024 : भाजपा की 'सोशल इंजीनियरिंग' से कांग्रेस परेशान

## ■ कर्नाटक में शुरू हुआ भगवा पार्टी का प्रयोग अब देश भर में फैलेगा

## ■ लगातार तीसरी बार दिल्ली की सत्ता का रास्ता साफ करेगा यह फॉर्मूला

**आजाद सिपाही विशेष**

**दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सियासत को नया आयाम देने के लिए जानी जानेवाली भाजपा ने 'मिशन 2024' की सफलता का फॉर्मूला लगभग तय कर लिया है। उसका यह फॉर्मूला वह 'सोशल इंजीनियरिंग' है, जिसे पहली बार अगले महीने होनेवाले कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में आजमाया जा रहा है। हालांकि भाजपा ने हैदराबाद में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ही इस दिशा में काम करने की रणनीति तैयार की थी, लेकिन इसके लिए कोई प्रभावी फॉर्मूला नहीं बनाया जा सका था। अब पार्टी ने कर्नाटक में यह दांव आजमा रही है। इस फॉर्मूले के तहत भाजपा दलितों और पिछड़ों के अलावा दूसरे समुदायों को भी साधेगी। इस फॉर्मूले की खास बात यह है कि दिग्गज नेताओं की नाराजगी के बाद भी भाजपा ने विभिन्न जातियों को साथ लेकर चलने की कोशिश करने का फैसला किया है, जिससे उसे न केवल कर्नाटक में, बल्कि इस साल के अंत में होनेवाले मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी सफलता मिलेगी और अगले साल होनेवाले आम चुनाव में लगातार तीसरी बार उसकी जीत का रास्ता साफ करेगी। कर्नाटक में पार्टी ने 64 लिंगायत उम्मीदवारों को टिकट देकर उनकी नाराजगी दूर करने की कोशिश की है, तो 45 वोक्कालिगा उम्मीदवारों को टिकट देकर कुमारस्वामी के वोट बैंक में भी सेंधमारी करने की कोशिश की है। उसने ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय को भी पर्याप्त भागीदारी देकर उन्हें अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर एक संपूर्ण समाज समावेशी पार्टी होने का संदेश दिया है। भाजपा के इस फॉर्मूले के सामने आते ही कांग्रेस और जाति की राजनीति करनेवाले दूसरे दल खासे परेशान हो गये हैं। भाजपा के इस फॉर्मूले के संभावित असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव साल 2024 में होने वाले हैं। इसके लिए भाजपा ने अपनी रणनीतियों पर काम करना शुरू कर दिया है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इन चुनावों में किसी एक जाति-समुदाय पर फोकस करने की बजाय सभी को साथ लेकर चलने पर जोर दे रहा है। भाजपा की यह रणनीति आसन्न कर्नाटक विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे में स्पष्ट हुई है। दरअसल भाजपा की इस 'सोशल इंजीनियरिंग' के पीछे वह रणनीति है, जिसके सहारे वह न केवल कर्नाटक, बल्कि मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बाद अगले साल लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता में वापसी की संभावनाएं टटोल रही है। भाजपा नेतृत्व ने अब लगभग मान लिया है कि पार्टी को केवल सैद्धांतिक रूप से ही नहीं, व्यावहारिक रूप से भी समावेशी बनाना होगा। इसके लिए पार्टी ने जो फॉर्मूला तैयार किया है, वह बेहद प्रभावी साबित हो सकता है।

2014 से पहले तक भाजपा को सवर्ण हिंदुओं की पार्टी समझा जाता है। पीएम मोदी के जादुई व्यक्तित्व ने भाजपा की इस छवि को लगभग तोड़ दिया है, लेकिन दलित वर्ग अब भी उससे पूरी तरह नहीं जुड़ सका है। 2019 के आम चुनाव और उसके बाद से हुई तमाम विधानसभा चुनावों में देखा गया है कि जहां पिछड़ों ने भाजपा का समर्थन किया, वहां दलित उससे बिदक गये। जहां दलितों का समर्थन भाजपा को मिला, वहां के पिछड़े वोट अन्यत्र चले गये। भाजपा ने इस खाई को पाटने के लिए एक सशक्त फॉर्मूला तैयार किया है। इसके तहत पार्टी में न केवल दलितों-पिछड़ों के लिए बराबर हिस्सेदारी देने की रणनीति बनी, बल्कि दूसरे समुदायों पर भी समुचित ध्यान देने की बात तय की गयी।

### कर्नाटक से शुरुआत

अब भाजपा को इस फॉर्मूले के असर के लिए एक अवसर का इंतजार था। कर्नाटक में अगले महीने होनेवाले विधानसभा चुनाव से अच्छा मौका भाजपा के लिए क्या हो सकता था। तमाम सर्वेक्षण पार्टी की हार की भविष्यवाणी करने लगे, तो पार्टी ने यहीं इस फॉर्मूले को आजमाने का फैसला किया। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इस नये प्रयोग का लाभ पार्टी को मिल सकता है। इस फॉर्मूले के तहत भाजपा ओबीसी-दलित समुदाय को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रही है। उसकी यह कोशिश केंद्र सरकारों के साथ-



साथ राज्य सरकारों और पार्टी संगठन के स्तर पर भी देखने को मिल रहा है। इसी रणनीति पर चलते हुए पार्टी ने कर्नाटक में 37 दलित उम्मीदवारों को टिकट थमाया है, तो ओबीसी समुदाय के 32 लोगों को टिकट दिया है। अनुसूचित जनजाति के लोगों को 18 टिकट देकर भाजपा ने उन्हें भी साधने की कोशिश की है। भाजपा ने कर्नाटक में केवल 10 ब्राह्मण उम्मीदवारों को टिकट दिया है। दक्षिण भारत की दलित-ओबीसी केंद्रित राजनीति में दूसरे दलों की ओर से उसके ब्राह्मण नेतृत्व को लेकर हमेशा प्रश्न खड़े किये जाते रहे हैं। लेकिन इस सूची में भाजपा ने पूरी तरह ब्राह्मणों को अपनी प्राथमिकता सूची से बाहर कर दिया है। दूसरे समुदायों में इसका बेहतर संदेश गया तो लंबी अवधि में यह भाजपा के पक्ष में जा सकता है। उसका यह रुख उसे तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी ताकत प्रदान कर सकता है।

### आधार को कर रही मजबूत

एक तरफ भाजपा साल 2024 के चुनाव को देखते हुए अपने आधार को मजबूत कर रही है। वह इसके लिए डिजिटल पहल का भी सहारा ले रही है। इसी का नतीजा है कि 18 करोड़ सदस्यों के साथ यह दुनिया की सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है। दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री मोदी समेत अन्य शीर्ष नेता जातिगत समीकरणों का संतुलन बनाने में भी जुटे हैं। इसके तहत एक तरफ अनुसूचित जातियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, वहीं पीएम मोदी खुद भाजपा के दलित चेहरों के लिए समर्थन दिखाने में जुटे हैं। इसके तहत दलित नेताओं को प्रमुख पद दिये जा रहे हैं। आदिवासी वोट बैंक को लुभाने के लिए द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया गया। इसके अलावा दलितों के करीब आने की कोशिश के तहत उनके घर पहुंचने की मुहिम भी लगातार चलायी जा रही है। इसके अलावा ओबीसी वर्ग को लुभाने के लिए भी भाजपा ने पूरी कोशिश की है। प्रधानमंत्री मोदी के पिछड़ा होने बात हो, चाहे कैबिनेट में ओबीसी नेताओं को जगह देना, चाहे फिर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की बात हो, सब इसी कवायद का हिस्सा है। इन कवायदों का असर भी खूब दिखा है। यदि आंकड़ों को देखा जाये, तो भाजपा का ओबीसी वोट शेयर 1996 में 33 फीसदी था, जो कि 2019 में बढ़कर 44 फीसदी हो गया। हालांकि यूपी और बिहार में उसके ओबीसी समर्थन में कमी भी आयी है। इसकी खानापूर्ति के तौर पर भाजपा पिछड़ा मुस्लिम और अति-पिछड़ा हिंदू समुदायों को साधने में जुटी हुई है।इसके अलावा यह भी साफ हो गया है कि भाजपा अब केवल हिंदू वोटरों के भरोसे नहीं रहना चाहती। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी कोशिशों में लगे हुए हैं। पिछले साल पार्टी महासचिवों की बैठक में पीएम मोदी ने सभी समुदायों तक पहुंचने पर जोर दिया। उन्होंने केरल की बात की, जहां पर भाजपा अभी भी बहुत मजबूत नहीं है। मोदी ने केरल इकाई में काम करने वालों को इसाइ समुदाय को जुड़ने के लिए कहा। इसी तरह हैदराबाद में इस साल भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान पीएम ने पिछड़े मुसलमानों को पार्टी का नया टारगेट बताया। दरअसल, पार्टी के लिए यह सिर्फ सोशल इंजीनियरिंग की बात नहीं है। असल में यह भविष्य के चुनावों में भाजपा को मजबूत आधार देगा।

### परेशान है विपक्ष

भाजपा के इस फॉर्मूले का सबसे जल्दी असर कांग्रेस और उन विपक्षी दलों पर हुआ है, जो जाति आधारित राजनीति पर जोर देते हैं। शुरुआती दौर में कर्नाटक की चुनावी रेस में आगे दिख रही कांग्रेस को पता ही नहीं चल रहा है कि भाजपा की इस सोशल इंजीनिरिंग का जवाब कैसे दिया जाये। राजद, जदयू, सपा और बसपा जैसे दल तो खैर अब तक कुछ सोच ही नहीं सके हैं। इसलिए भाजपा नेतृत्व को भरोसा है कि उसका यह फॉर्मूला अत्यधिक प्रभावशाली होगा।

### तैयारियों पर जोर

ऐसा नहीं है कि भाजपा केवल सोशल इंजीनियरिंग या जातिगत समीकरणों के दम पर चुनाव जीतने की मंशा रखती है। भाजपा के विजयी मिशन के पीछे उसकी जबरदस्त तैयारी का भी बड़ा हाथ है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 2016 में ही तैयारी शुरू कर दी थी। तब के भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना की 115 सीटों को चिन्हित किया था। ये ऐसी सीटें थीं, जिन पर 2014 के चुनाव में भाजपा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। इसके बाद भाजपा ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों के लिए रणनीति बनायी, उन पर काम किया और इनमें से कई पर जीत हासिल की। खासतौर पर पश्चिम बंगाल और ओड़िशा में पार्टी का प्रदर्शन सुधरा था। अब कर्नाटक में यह फॉर्मूला कामयाब हो गया, तो उसे देश भर में लागू कर भाजपा अपने मिशन 2024 का लक्ष्य हासिल कर लेगी।

# वीरेंद्र राम की पत्नी दोनों हाथ से उड़ाती थी काली कमाई

**डेढ़ लाख की घड़ी, 30 लाख की फॉर्च्यूनर, 44 लाख और 53 लाख की ऑडी कार खरीदी**

**खाते में जमा हुए थे 9.31 करोड़, शाही जिंदगी जीता था परिवार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की काली कमाई से लगातार पर्दा उठ रहा है। टेंडर के बदले कमीशन और पद का दुरुपयोग कर सवा सौ करोड़ की अवैध संपत्ति अर्जित करने के मामले में इडी ने अनुसंधान में कई अहम जानकारियां उजागर की हैं। इडी ने बताया है कि वीरेंद्र राम की काली कमाई पर उसका पूरा परिवार शाही जिंदगी जी रहा था। वीरेंद्र की पत्नी राजकुमारी के पास भी अकूत पैसे होते थे। राजकुमारी ने डेढ़ लाख की घड़ी खरीदी थी और बेटे की पढ़ाई के सिलसिले में साल 2015 में अमेरिका के व्हिलॉक कालेज में 12.80 लाख रुपये का भुगतान भी किया था। लग्जरी की वस्तुएं राजकुमारी ही खरीदती थी और उसका भुगतान भी वह स्वयं करती थी। राजकुमारी ने अपने बेटे आयुष के नाम पर 29.90 लाख रुपये का भुगतान कर टोयोटा फार्च्यूनर कार खरीदी। ऑडी की एक कार सितंबर 2015 में खरीदी। उस कार के लिए अपने खाते से 44.26 लाख रुपये का भुगतान किया। दूसरी कार नवंबर 2018 में खरीदी और इसके लिए 53.66 लाख रुपये का भुगतान अपने खाते से किया।

### स्कॉटलैंड के कॉलेज को दी सवा करोड़ की फीस

बीरेंद्र राम का बेटा आर्यन अंकुश पढ़ाई के सिलसिले में स्कॉटलैंड के यूनिवर्सिटी ऑफ अबरदीन में गया। इसके लिए अगस्त 2017 से अगस्त 2020 के बीच फीस के रूप में 90.85 लाख रुपये का भुगतान भी राजकुमारी ने ही किया था। उसने ही अपने खाते से स्कॉटलैंड के कॉलेज की फीस के लिए कुल सवा करोड़ रुपये का भुगतान किया था।

इडी के अनुसंधान में यह बात भी सामने आयी कि राजकुमारी ने 23.50 लाख रुपये की एक बीमा पॉलिसी खरीदी थी। राजकुमारी के खाते में 2014-15 से लेकर 2019-20 के बीच कुल 9.31 करोड़ रुपये जमा हुए। वर्ष 2014-15 में 29.70 लाख, 2015-16 में 2.36 करोड़, 2016-17 में 49 हजार, 2017-18 में 3.34 करोड़, 2018-19 में 3.29 करोड़ रुपये ट्रांसफर भी हुए।

# वीरेंद्र राम ने हवाला नेटवर्क से करोड़ों रुपये दिल्ली पहुंचाये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पीएमएलए कोर्ट में दाखिल की गयी इडी की प्रोसिक्यूशन कंप्लेंट में खुलासा**

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम पर इडी ने शिकंजा कस दिया है। उसके खिलाफ इडी ने रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट (पीसी) दाखिल किया है। इसमें यह बताया गया है कि उसकी अवैध कमाई का हिस्सा किन-किन के बीच बंटता था। सरकारी टेंडर मैनेज करनेवाले लोगों और अवैध तरीके से कमाई गयी रकम को छिपाने के लिए अपनाये गये तौर तरीकों की जानकारी भी इडी ने कोर्ट को दी है। बीते 21-22 फरवरी को इडी ने उसके कनेक्शन के 24 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इस दौरान 25 लाख रुपये कैश और डेढ़ करोड़ से भी ज्यादा के गहने बरामद किये गये थे। पूछताछ के बाद इडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। तब से वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है। इडी की इस कार्रवाई के बाद झारखंड सरकार ने उसे निलंबित कर दिया था।

**चीफ इंजीनियर, सीए और हवाला कनेक्शन :** बीते 19 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने उसकी 39.28 करोड़ की संपत्तियां जब्त कर लीं। इनमें रांची के अलावा दिल्ली, जमशेदपुर और अन्य स्थानों पर स्थित उसके मकान, बंगले और भू-खंड भी हैं। इडी ने अपनी अस्थायी जब्ती रिपोर्ट में बताया है कि वीरेंद्र राम अपने कमीशन की मोटी रकम हवाला के माध्यम से दिल्ली भिजवाता था। रिपोर्ट के अनुसार, कमीशन में मिले पांच करोड़ रुपये जमशेदपुर से दिल्ली हवाला के माध्यम से पहुंचे थे। दिल्ली में वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल ने रुपये को खपाने का पूरा इंतजाम किया था। हवाला कारोबारी रवि वाधवानी ने पांच करोड़ रुपये मुकेश मित्तल तक पहुंचाया था।

**बेटों के नाम पर भी चीफ इंजीनियर ने किया खेल :** इडी ने जांच में यह भी पाया है कि वीरेंद्र राम ने अपनी काली कमाई को छुपाने के लिए कई हथकंडों का सहारा लिया था। मसलन उसने टेंडर आवंटन के बदले मिलनेवाले कमीशन को अपने परिवार और बेटों की आमदनी के रूप में दिखाना शुरू किया था। इसके लिए अपने चार्टर्ड एकाउंटेंट के सहयोग से बेटों और खुद हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली का कर्ता बन कर उसने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करना शुरू किया। इस आमदनी के लिए कोई दस्तावेज न देना पड़े, इसलिए उसने आयकर अधिनियम की धारा 44 एडी का सहारा लिया।

## सचिवालय घेराव मामले में धुर्वा थाने में भाजपा नेताओं से हुई पूछताछ

# सरकार में दम है तो गिरफ्तार करके दिखाये: दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश भाजपा के 11 अप्रैल को झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान हुए हंगामे को लेकर धुर्वा थाना में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सहित अन्य नेताओं से शनिवार को लगभग आधे घंटे तक धुर्वा थाने में पूछताछ हुई।

पुलिस ने थाना के बंद कमरे में रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांके विधायक समरी लाल और प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक से भी पूछताछ की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, सह कार्यालय मंत्री सूरज चौरसिया, रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। पूछताछ के बाद थाना से बाहर निकल कर दीपक प्रकाश ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा ने शांतिपूर्ण तरीके से सचिवालय का घेराव किया था, लेकिन हेमंत सरकार के इशारे पर शांतिपूर्ण आंदोलन को कुचलने के लिए कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया और आंसू गैस के गोले छोड़े गये। इसके बाद भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआइआर दर्ज करा दी गयी।

दीपक प्रकाश ने कहा कि पुलिस ने नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया था। भाजपा कानून का सम्मान करती है, इसलिए हम सभी ने आकर पुलिस की जांच और पूछताछ में सहयोग किया। सरकार हम पर एक नहीं सैकड़ों मुकदमे दर्ज कर ले, लेकिन हम टूटनेवाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम तो गिरफ्तारी देने आये थे। अगर सरकार में दम है, तो हम लोगों को गिरफ्तार करके दिखाये। दमनकारी, हिटलरशाही वाली राज्य सरकार को अगले चुनाव में जनता बैलेट के जरिये जवाब देगी। मौके पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पॉलिटिकल करियर में पहली बार थाना में इस तरह बैठा कर पूछताछ हुई है। सीपी सिंह ने कहा कि मैं भी वकील हूं। कानून की जानकारी मुझे भी है।

# छात्र के माथे से टीका मिटवाने पर हंगामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आक्रोशित विहिप-बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने स्कूल में किया हंगामा**

**पिपरवार।** चतरा जिले के पिपरवार के एक निजी स्कूल में छात्र का तिलक मिटवाने पर बवाल हो गया। घटना से आक्रोशित विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्कूल परिसर में जम कर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के अष्टम वर्ग का छात्र सन्नी कुमार, पिता उपेंद्र सिंह रोज की तरह गुरुवार को भी माथे पर तिलक लगा कर स्कूल पहुंचा था। स्कूल में शिक्षक फिरोज अली ने उक्त छात्र का तिलक मिटवा दिया। इस बात की जानकारी जैसे ही बाहर लोगों तक पहुंची, हिंदू संगठन के लोग आक्रोशित हो गये।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विद्यालय परिसर में पहुंच कर हंगामा किया। विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने भीड़ में शामिल लोगों से कहा कि इस बारे में छात्र के अभिभावक से बात की जा सकती है। बाकी लोग बाहर जायें। इस पर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और अधिक आक्रोशित हो गये और संबंधित शिक्षक को सबके सामने अपनी सफाई देने को कहा। प्राचार्य ने अभिभावक उपेंद्र सिंह और छात्र को कक्ष में बुला कर समझाने का प्रयास किया।

# सर्वजन पेंशन योजना

## के तहत 3 वर्ष में तीन गुणा वृद्धि

### क्या कहते हैं लाभुक



पेंशन की राशि मिलने से गुजर-बसर में आसानी हो रही है। इससे पहले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता था। लेकिन, पिछले एक साल से पेंशन मिल रहा है। पेंशन बैंक खाते में प्राप्त हो रहा है। इस पैसे से दवा खरीदती हूं और अपना इलाज कराती हूं। साथ ही कई अन्य जरूरतों को पूरा करती हूं। सरकार को धन्यवाद, जिसने हम जैसे गरीबों को पेंशन दिया।

**संगीता देवी, तोपचांची, धनबाद**



पेंशन की राशि से मेरी छोटी मोटी जरूरतें पूरी हो रही हैं। सरकार सभी लोगों को सक्षम बना रही है, बुजुर्गों को पेंशन दे रही है, इससे अच्छा और क्या होगा? चाय पानी के लिए बच्चों से पैसा नहीं लेना पड़ता। बुजुर्ग अब बोझ नहीं होंगे। पहले दौड़ भाग कर के भी पेंशन नहीं मिला। अब घर बैठे मिल गया है, इसकी खुशी ज्यादा है।

**रजनीकांत आचार्य, उत्तरी इचड़ा पंचायत, पूर्वी सिंहभूम**

इंञ मिलोती देवी इंञ रेन जमाय ञतुम कांता प्रसाद मांझी, आतु बूढ़ीडीह पंचायत करमाटांड़ प्रखण्ड चंद्रापुरा जिला बोकारो रेन ताहेन काना। आतु पंचायत रेन जनता दरबार हुय लेना, उन रे जनता दरबार रे बी०डी०ओ०, सी० ओ०, मुखिया, आतु सेवक सनाम हेअ लेना अनको सनाम गी इंञ मिता आदिइंञ। पेंशन फारम हो भरा कतिञ। में आर इंञ पेंशन हो ञाम इदिञ आर इंञ पेंशन हो ञाम इदिञ आर उना पैसा ते आयमा भाली हुयूआ उना पैसा ते मौका घडीञ गिदरा आह किताब, कलाम, कापी किरीञ लिगीत इमा कुकाना जहा बंचा उना पैसा ते तेल साबुन हताह इदा जहा सहायता लिगीत ते सरकार हेमन्त सोरेन आ आयमा आयमा सराहाव।



**मिलोती देवी, ग्राम बूढ़ीडीह, पंचायत करमा टांड, प्रखण्ड चंद्रपुरा, बोकारो**



कुछ माह पूर्व से ही पेंशन योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ है। पहले कई बार पेंशन योजना से लाभान्वित होने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। रिक्ति खाली होने पर योजना से जोड़ने की बात अधिकारी कहते थे। लेकिन सर्वजन पेंशन योजना शुरू होने से मुझे योजना का लाभ मिलने लगा। अभी मैं काफी खुश हूं। राज्य सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त बेटा को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

**तारा सिंह, जर्मन कॉलोनी, बोकारो**

विवाह से 2-3 वर्ष के पश्चात अपने पति से अलग हो गई। जिसके बाद से मैं अपने पिता के साथ ही उनके घर में रह रही हूं। आर्थिक रूप से सहायता के लिए मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन किया। पेंशन योजना की स्वीकृति मिली और अब पेंशन का लाभ मिल रहा है। मेरे जैसी सैकड़ों निराश्रित महिलाओं के लिये यह सहारा है, जिससे हमें जीवन यापन करने में सरकार से सहयोग प्राप्त हो रहा है।



**चंदा कुमारी, नगर उंटारी प्रखंड, गढ़वा**

**21,61,615**

सर्वजन पेंशन योजना का उद्देश्य ही गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाना है। इस योजना के तहत अतिरिक्त 15 लाख बुजुर्ग, विधवा, एकल और परित्यक्त महिला, दिव्यांग, आदि को जोड़ते हुए अबतक 21.61 लाख लाभुकों को आच्छादित किया गया है तथा छूटे हुए सभी योग्य लाभुकों को आच्छादित किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सर्वजन पेंशन योजना के लिए ₹2,130.88 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**6,60,871**



**31.12.2019** तक पेंशनधारियों की संख्या

**20.04.2023** तक पेंशनधारियों की संख्या



पेंशन लेवे में कोनो परेशानी नखे। प्रतिमाह सरकार हमर बैंक खाता में पेंशन कर राशि भेज देव थे, जेकर उपयोग हम अपन रोज रोज कर छोट-मोट खर्च ले कर थी। सरकार कर ई योजना के लागू होवे से हम बहुत खुश ही, काहे से कि इकर ले सरकार ने बीपीएल श्रेणी कर मांग के हटाय देलक।

**सीता देवी, भण्डरा, लोहारदगा**



साबेन् को जोहार। अयाह् नुतुम सरस्वती लामाय, अनाह् हो वा: नुतुम्- स्व॰ सिद्धेश्वर बोयपाई, हातु- सोसोपी, पंचायत- तोन्डांहातु, प्रखण्ड- जगन्नाथपुर, जिला- प॰ सिंहभूम। आले हातु रे जनता-दरवार होवा-लेना। एनते मुखिया को, ग्राम सेवक, तेको कजीयाञ तनड: च् ञिम् रान्डी-अम्बारोब एना् एनते पेंशन रेय: फॉर्म् पेरे:म् को मेताञ् तना:। फॉम को पेरे: केड़ा एनते न:अ छ: महिना होबायना गेया। पाँच तारीख तक रे पोयसा बेटान तना गेया, एन ते पोयसा: छुडावए तन गेया: । एन तें, सरकार के ञेन लाभ एमाडीञ ते इसु रान्सा: होवायेना। एन् ते नेन पोयसा: तेगे नाह: सुनुम साबुन च: होन पड़ाव इची ताई ऐ:। सरकार नेलेकान लाभ को आन्डो एमा ले: रे दो एसु रान्सा रेया: काजी। ञेन हेमन्त सोरेन सरकार के ईकिर जीवोन ते् जोहार।

**सरस्वती लामाय, जगन्नाथपुर, पश्चिमी सिंहभूम**



बुजुर्ग होने तथा नियमित आय के अभाव में मुझे अपने परिवार का पालन पोषण करने में काफ़ी कठिनाई हो रही थी। कुछ माह पूर्व मैंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभ हेतु आवेदन जमा किया था। मेरा आवेदन स्वीकृत हुआ और मुझे एक हजार रूपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलने लगा है। पेंशन मिलने से परिवार का पालन पोषण करने में मदद मिल रही है।

**महेंद्र प्रसाद, नगर पंचायत, लातेहार**



मैं एकल महिला हूँ। मेरे परिवार में कोई सदस्य नहीं है। खुद का पालन पोषण करने में कठिनाई होती थी। मुझे मुखिया द्वारा सर्वजन पेंशन योजना का पता चला। इसके लिए मैंने फॉर्म भरा, तो आज मुझे पेंशन का पैसा मिल रहा है, जिससे जीवन अच्छा चल रहा है। मैं हेमन्त सोरेन जी को बहुत बहुत धन्यवाद और जोहार करती हूँ।

**फरीदा बेगम, ग्राम पंचायत तमाड़, रांची**



सर्वजन योजना लागू होने के उपरांत मुझे नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत लाभ मिला। आज खुद को सबल महसूस कर रहा हूं। दिव्यांग होने के कारण मैं अपने आप को उपेक्षित महसूस करता था, परंतु प्रखंड कार्यालय में पेंशन हेतु आवेदन करने के दो दिवस उपरांत मुझे नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का लाभ मिला। तब से प्रत्येक माह मुझे पेंशन के रूप में ₹1000 प्राप्त होने लगा और मुझे अपने जीवन यापन में काफी सहूलियत होने लगी।

**गणेश बानरा, डालियामिंचा पंचायत, चाईबासा**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR. 295760 (IPRD) 23-24

# प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का स्वर्ण कलश से किया जलाभिषेक

## भगवान आदिनाथ स्वामी ने एक वर्ष की तपस्या करने के बाद इक्षु रस से किया था पारण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के मेन रोड़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार को अक्षय तृतीया को लेकर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का स्वर्ण कलश से जलाभिषेक किया गया। बताया जाता है कि जैन धर्म के मान्यता के अनुसार भगवान आदिनाथ स्वामी ने एक वर्ष की तपस्या करने के बाद वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि अर्थात अक्षय तृतीया के दिन एक इक्षु रस (गन्ना रस) से अपनी तपस्या का पारण किया था, इसी कारण जैन समुदाय में यह दिन विशेष माना जाता है। भगवान आदिनाथ स्वामी की मूलनायक प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य शकुंतला देवी, पंकज कुमार सेठी, पांडू शीला पर विराजमान आदि भगवान आदिनाथ स्वामी का स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल एवं ललित चूड़ीवाल सपरिवार को मिला। जबकि शांति धारा करने का सौभाग्य पंकज कुमार सेठी एवं ललित चूड़ीवाल को मिला।



### राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई

श्री दिगंबर जैन समाज के द्वारा बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था जैन मंदिर के बाहर प्रांगण में की गई हैं। इस दौरान शुद्ध पेयजल का ग्रहण कर रहा राहगीरों ने भी श्री दिगंबर जैन समाज के प्रति आभार जताया।

### ये थे उपस्थित

मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, सचिव नागरमल गंगवाल, देवेंद्र गंगवाल, पदमचंद छाबड़ा, रमेश सेठी, विनोद जैन, राजु पाटनी, महावीर प्रसाद गंगवाल, राकेश पांडेय, ललित चूड़ीवाल, सुभाष सेठी, सुशील चूड़ीवाल, सुनील सेठी, अशोक चूड़ीवाल, सुनील पाटनी, गौरव अजमेरा, विकाश सेठी, संजय सेठी, श्याम सुंदर जैन, ललित गंगवाल, मांगीलाल चूड़ीवाल, अमित सेठी, सुनील छाबड़ा मीडिया प्रभारी राहुल जैन आदि उपस्थित थे।

## मां शीतला मंदिर के वार्षिकोत्सव यज्ञ का शुभारंभ



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रांची रोड के रोबा कॉलोनी में स्थित मां शीतला माता मंदिर का 20 वां वार्षिकोत्सव पांच दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। दूसरे दिन शनिवार को वेदी पूजन अग्नि स्थापन की पूजन बनारस से आए हुए यज्ञ आचार्य शास्त्री अमरकांत दुबे के द्वारा यज्ञ मंडप की परिक्रमा आरंभ किया गया। मौके पर अनुष्ठान के मुख्य पांच यजमान संदीप सिंह सपत्निक प्रीति सिंह, विनय शर्मा सपत्निक पायल शर्मा, राजू गुप्ता सपत्निक लीला गुप्ता, अखिलेश शुक्ला सपत्निक पूजा शुक्ला, श्रवण कुमार सपत्निक रेखा देवी के हाथों समस्त पूजन अर्चना किया गया। मौके पर उपस्थित समिति के सचिव रमा शर्मा ने कहा कि माता का वार्षिकोत्सव के उपरांत भक्तों के अपार भीड़ तथा श्रद्धा देखी जा रही है। मां शीतला के भक्त दूर-दूर से आकर के मां का आशीर्वाद लेने के लिए इस यज्ञ में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीसरे दिन रविवार को मां शीतला माता का महाअभिषेक किया जायेंगे।

## रामधारी सिंह की पुण्यतिथि मनाने को लेकर बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के बिजुलिया तालाब रोड़ स्थित अशेश्वर सिंह ब्रह्मर्षि धर्मशाला के सभागार में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मर्षि परिषद के अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद शर्मा व संचालन सचिव दिवाकर सिंह ने किया। इस दौरान बैठक में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की पुण्यतिथि मनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठम में आगामी 24 अप्रैल को 11.30 ब्रह्मर्षि धर्मशाला के प्रांगण में राष्ट्रकवि दिनकर जी की पुण्यतिथि मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा सांसद सह पूर्व मंत्री जयंत सिन्हा होंगे। जबकि मुख्य वक्ता मानविकी संकाय अध्यक्ष और अनुशासक विनोवा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग प्रो डॉ मिथिलेश कुमार सिंह और डॉ हरेंद्र कुमार होंगे। इस अवसर पर शशि भूषण सिंह, ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार राय, संजय कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, नवल किशोर शर्मा, संत कुमार सिंह, विकास पांडे, पिंटू शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सौंदा डी में ईद के अवसर पर मौलाना और सचिव को किया सम्मानित



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सौन्दा डी में शनिवार को ईद पर्व पूरे धुमधाम से मनाया गया। इस दौरान सौन्दा डी मस्जिद में अकिदत के साथ ईद की नमाज अदा की गई। साथ ही मुस्लिम धर्मालंबियों ने खुदा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि व अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद लोगो ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगो ने एक-दूसरे के घरों में जाकर लच्छेदार सेवईयां और एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का जमकर आनंद लिया। मौके पर पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा व पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने ईद के अवसर पर मौलाना साहब और मस्जिद कमेटी के सचिव मो. सरफराज को अंग वस्त्र भेंट कर पर्व की बधाई दी।

## रामगढ़ में कविता संग्रह बुढ़ा पीपल का लोकार्पण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ के होटल शिवम इन में 23 अप्रैल रविवार को जाने माने कवि राजेश दुबे की कविता संग्रह बुढा पीपल का लोकार्पण सह कृति चर्चा का आयोजन किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के आयोजक सरोजकांत झा झारखंडी और डॉ नीलोत्पल रमेश ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ शंभु बादल और विशिष्ट अतिथि गुरूदत्त पांडेय उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अशोक प्रियदर्शी और संचालन चंद्रिका ठाकुर देशदीप करेंगें। कृति चर्चा मे रतन वर्मा, डॉ राकेश कुमार सिंह, डॉ शारदा प्रसाद, डॉ बलभद्र, नीरज नीर, प्रो गजेंद्र सिंह, डॉ मयंक मुरारी, सुशील स्वतंत्र, डॉ हरेंद्र कुमार, डॉ नीलोत्पल रमेश हिस्सा लेगें। वही काव्य पाठ सुश्री रश्मि शर्मा, डॉ रजनी गुप्ता, डॉ विनीता परमार, प्रवीण परिमल, सुश्री ज्योति रीता, सरोजकांत झा झारखंडी, राजकुमार गीत, संजय राठौर, राजेश कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव नाजुक कविता संग्रह बुढा पीपल में रचित अपने कविता का पाठ करेगें।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाने को ले कार्यक्रम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाने को ले चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत सुशासित ग्राम पंचायत अंतर्गत घर-घर जाकर योजनाओं का हिसाब दिया गया। शनिवार को स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी व पंचायत सचिव नरेश हजाम ने डोर-टू-डोर जाकर ग्रामीणों को योजना और हिसाब का व्योरा प्रस्तुत किया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम से ग्राम पंचायत के सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी तथा इसका हिसाब ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीणों को होनी चाहिए। जिससे पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने पंचायत के तमाम ग्रामीणों को इन योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ उठाने की बात कही।

## खोपड़िया बाबा धर्मशाला में मनी भगवान परशुराम जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा धर्मशाला में शनिवार को शनिवार को सर्व ब्राह्मण परिवार के तत्वावधान में श्रीश्री भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी की विधिवत पूजन, आरती और पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात भगवान परशुराम के जीवन परिचय एवं उनके आदर्श जीवन पर परिचर्चा हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रखंड उपप्रमुख बबीता पाण्डेय ने अपने विचारों को रखते हुए कहा की ब्राह्मण समाज सदैव भगवान परशुराम के आदर्श जीवन का अनुसरण करते हैं। ब्राह्मण समाज का कार्य ही सर्वसमाज को एकजुट करना हैं।पूर्व उपप्रमुख रमाशंकर पांडेय ने शिक्षा, संस्कार एवं सहयोग की भावना पर बल देते हुए कहा कि समाजोत्थान में अपनी भूमिका निभाने का दायित्व सदैव से ब्राह्मण समाज का रहा हैं। इसी परिपाटी को हमें आगे भी जारी रखना हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रहलाद पाण्डेय ने वेदो में वर्णित ब्राह्मणो के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने सृष्टि के निर्माण से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान का उद्बोधन किया। कार्यक्रम को समाज के अन्य प्रमुख मानिंदो ने भी अपने विचार रखें। जिसमें मुख्य रुप से रोबिन मुखर्जी, संजय मिश्रा, अजय पांडेय, बबन पांडेय, राजेश मिश्रा, अमित शर्मा, अभिषेक मिश्रा, सुनिल झा, शिवशंकर पांडेय गुलाब मिश्रा रितेश मिश्रा युगल किशोर पाण्डेय रमाकांत दुबे संतोष मिश्रा पुरुषोत्तम पाण्डेय राजु पाण्डेय श्याम किशोर पांडेय, सुरेश उपाध्याय, सतीश मोहन मिश्रा, रूपेश दुबे, संतोष मिश्रा, जितू दुबे, सुनील दुबे, अनिल दुबे, अभय दुबे, डब्लू पांडेय, गुड्डू पांडेय, नंद किशोर पांडेय, अमन पांडेय, आकाश पांडेय, अभिषेक पांडेय, अविनाश पांडेय, जितेंद्र पांडेय, बुधन गोस्वामी, कुणाल दुबे, प्रमोद शर्मा, सुधीर दुबे, विजय शर्मा सहित दर्जनों लोग शामिल हैं। पूजा के बाद प्रसाद दर्जनों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

## कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** जुबिली कॉलेज एनएसएस इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को वर्चुअल ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। के तहत मना मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने किया। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस बार के पृथ्वी दिवस का थीम है हमारे ग्रह में निवेश करो। मुख्य वक्ता वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. अरूण कुमार सिंह झा ने कहा कि पृथ्वी का संतुलन बिगड़ने का मुख्य कारण अत्यधिक जनसंख्या विस्फोटक, मृदा अपरदन, जल एवं वायु प्रदूषण तथा पेड़ों-पौधों का अंधाधुन कटाई है। विशिष्ट वक्ता डॉ. श्याम सुंदर पांडेय, डॉ. एसपी दांगी व प्रो. बालकृष्णा ने पृथ्वी के असंतुलन होने का कारण मुख्य रूप से भौतिकवादी संस्कृति का आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण को विशेष जिम्मेवार माना है। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि पृथ्वी, प्रकृति तथा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हमसबों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हमसबों को हमेशा के लिए पृथ्वी एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना होगा। इसके पूर्व जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में शहीद हुए देश के वीर जवानों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन जागृति ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विशेश्वर रविदास ने कहा कि पृथ्वी हमारी माता स्वरूप है। इसलिए माता की भांति पृथ्वी की सेवा और सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। कार्यक्रम में कुमकुम, मौली सोनी, सुजल चंद्रवंशी, रिया सिंह, कविता, सुमन, जागृति, मानसी, जूही, जयप्रकाश पांडेय, रामप्रवेश सहित कई स्वयंसेवक शामिल थें।

# भव्य रूप से मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** प्रखंड अन्तर्गत टाउन हॉल टंडवा में भव्य रुप से सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की पूजा वैदिक मंत्रोचार से पूरे विधि विधान से किया गया, और ध्वजारोहण की गयी। जिसके बाद उपस्थित विद्वत व प्रबुद्ध लोगों के द्वारा अपने अपने विचार को रखा गया, जहां सभी वक्ताओं ने ब्राह्मण एकता पर जोर दिया, समाज का उत्थान हो, समाज संगठित रहे, समाज शिक्षित व संस्कारिक रहे और हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में रहे साथ ही आवश्यकतानुसार अन्याय के खिलाफ भगवान परशुराम की तरह उसी भाषा में जवाब दिया जाए।



आगे हर वर्ष भव्य तरीके से परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाए, समाज का बीच बीच में बैठक हो जिसमें समाज का उत्थान, एकता व अन्य विषयों के निवारण हेतु अगले महीने एक बैठक कर समाज का एक ब्राह्मण समाज का परशुराम ट्रस्ट का गठन किया जायेगा। अगली बैठक हेतु अक्षयवट पांडेय को संयोजक बनाया गया। समारोह में विचार रखने वालों में ईश्वर दयाल पांडेय, एन के पाठक, विजय चौबे, गोविंद तिवारी, छेदी पांडेय, नीरज तिवारी, आशुतोष मिश्रा, गोपाल दत्त शर्मा, सतीश पाठक, परमानंद मिश्रा व अन्य थे। कार्यक्रम का संचालन सुमन भारतीय ने किया। जयंती समारोह में टंडवा प्रखंड के सिसई, कढ़नी, फुलवरिया, बेलवारी, किसुनपुर, राहम, बड़गांव, सोपारम, कुडलौंगा सहित विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर ब्राह्मण एकता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को भव्य बनाने में सहयोग किया।

# भाकपा माले ने मनाया 54 वां स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकाना।** स्वर्गीय मान कुंवर बेदीया भवन पोचरा में ब्रांच कमिटी ने भाकपा माले की 54वीं पार्टी स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कामरेड चारू मजूमदार समेत तमाम संस्थापक सदस्यों, सामाजिक क्रांति के रचनाकार मार्क्स, एंगेल्स और मार्क्सवाद के महानतम शिक्षक कामरेड लेनिन को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड हीरा गोप ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम की सुरुवात की गई। पार्टी ब्रांच कमिटी के पदाधिकारियों व सदस्यों में ब्रांच सचिव कामरेड राजेंद्र राम, सदस्य कामरेड बृज नारायण मुंडा, अमल घोष, पवन कुमार यादव, राजकुमार करमाली, चंदन गोप, भोला महतो,




सुरेंद्र पांडे, दिलीप साव ने भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) को अग्रगति देकर अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले तमाम शहीदों को एक मिनट का मौन धारण कर एवम पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। कामरेड अमल घोष ने पार्टी स्थापना दिवस की शपथ पत्र पढ़ कर उपस्थित लोगो को शपथ दिलाया। स्थापना दिवस के मौके पर गर्मजोशी भरा क्रांतिकारी नारा (फासीवादी सता को शिकस्त दो और शहीदों के सपनों का भारत बनाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ) का गूंजमान हुआ। मौके पर उपस्थित भाकपा माले नेता पवन कुमार यादव ने बताया आज के ही दिन 1969 में पार्टी की स्थापना की गई थी।उन्होंने बताया भाकपा माले को मजबूत कर जनता की व्यापक फासीवादी विरोधी एकता का निर्माण करना प्राथमिक उद्देश्य है। बहुत जल्द पार्टी का विस्तार कर पार्टी के महान क्रांतिकारी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वावधान में शनिवार को सामाजिक समरसता कार्यक्रम के तहत रामगढ़ सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा रक्तदान शिविर कार्यक्रम पूरे देश भर में किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत रामगढ़ में भी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार राम के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके के पूर्व विधायक और मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ जीतू चरण राम, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश ठाकुर



उपस्थित थे। इस दौरान कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम ने सभी रक्तदाता को पुष्पगुच्छ देकर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निरंतर जनता के बीच जाकर जनता की मदद करते आई है। इस रक्तदान से किसी का जीवन बच सकता है। सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिए। सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने भी रक्तदाता के प्रति आभार प्रकट किया और उन्होंने अपने हाथों से रक्तदाताओं को जूस और बिस्किट दिया।

### इन लोगों ने किया रक्तदान

शिविर में मीडिया प्रभारी सूरज पासवान, गोला के मंडल अध्यक्ष राम कुमार नायक आरा मंडल अध्यक्ष तेजू रविदास, सुरेंद्र रविदास, रामगढ़ कैंट मंडल से देव कुमार, मांडू से सावित्री देवी, गोला से राजेश कुमार महतो, बाल गोविंद महतो, त्रिपुरारी महतो ने रक्तदान किया।

# ब्राह्मण चेतना मंच ने मनायी परशुराम जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** ब्राह्मण चेतना मंच ने भगवान परशुराम जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक के साथ डटमामोड़ कुजू मे मनाया। इस अवसर पर मंच के लोगो ने भगवान परशुराम की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजार्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के महेंद्र पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी की जीवनी



पर प्रकाश डाला। मौके पर कुजू पश्चिमी पंचायत के मुखिया जय कुमार ओझा, महेंद्र पाठक, कृष्णकांत पांडे, विद्याभूषण त्रिवेदी, पप्पू पांडेय, जमुना पांडेय, बंशी पांडेय, बैजनाथ पांडेय, अंकित पांडेय, रोशन पांडेय, विक्की पांडेय, रामकृष्ण पाठक, सुरेश पांडेय, ज्ञान मिश्रा, आनंद मिश्रा, जय शंकर पांडेय, आशीष मुखर्जी, विपिन मिश्रा, गोलू पांडे, मंटू मामा, नवल मिश्रा, रोशन पांडेय, अंकित पांडे, सुरेश पांडेय, विक्की पाठक, महेंद्र मिश्रा, दीपक पांडेय, कामेश्वर पांडे, आशीष चौबे, बालमुकुंद पांडे, संजू मिश्रा, अमन पांडेय, बैजनाथ पांडेय, अचित्य चटर्जी, सरोज चटर्जी, पिंटू शुक्ला, ज्योति ओझा, प्रकाश ओझा, पिंटू ओझा सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# जिंदल पैंथर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट कप 2023 संपन्न






आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** जिंदल स्टील प्लांट, पतरातू परिसर में खेले जा रहे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार की रात्रि समापन हुआ। फाइनल मैच डब्लूआरएम वारियर्स बनाम बीआरएम स्मैशर्स के बीच खेला गया। जिसमें डब्लूआरएम वारियर्स की टीम ने 21 रनो से मैच जीतकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। 101 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीआरएम स्मैशर्स की टीम 12 ओवर में 80 रन ही बना पाई। वारियर्स के आशीष अंकित ने अपने टीम के लिए महत्वपूर्ण 29 रन बनाएं और बॉलिंग में 2 विकेट भी झटके। बेहतर प्रदर्शन के लिए आशीष अंकित मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं महिला टीम का फाइनल मैच स्टील मेकर्स बनाम हाउस मेकर्स के बीच खेला गया। हाउस मेकर्स की टीम ने 32 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे स्टील मेकर्स की टीम ने लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए मैच को 8 विकेट से जीतकर खिताब कब्जा जमा लिया। बेहतर प्रदर्शन के लि स्टील मेकर्स की प्रियंका को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। मुख्य अतिथि जेएसपी के प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिआ और उनकी पत्नी नंदा ने टूनामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी व उपहार देकर पुरस्कृत किया। बीआरएम के मुकेश महतो को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन के लिए मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। मौके पर प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिआ ने सभी विभागों और विशेषकर महिला टीमों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया की जिंदल स्टील महिलाओ के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अपने मार्गदर्शन में उन्होंने ऑफिसर्स क्लब को इस तरह की और भी प्रतियोगिता आयोजित करने क लिए प्रेरित किया। साथ ही टॉप मैनेजमेंट द्वारा हर तरीके से सहयोग देने का भी विश्वाश दिलाया। मौके पर ऑफिसर्स क्लब के सभी मेमबर्स मौजूद थें। टूर्नामेंट को सफल बनाने में सुभाष सरन, संतोष कुमार, रुपाली झा, अल्केश पटेल, संदीप आर्य आदि विशेष योगदान रहा।

# कुजू में धूमधाम से मना ईद पर्व



आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। कुजू कोयलांचल व आसपास के क्षेत्रो में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद पर्व हर्षोल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया।

क्षेत्र के कुजू, तोपा, आरा, डूमरबेड़ा, मुरपा, करमा, दिगवार, रतवे, बोंगावार, सांडी, आजाद बस्ती आदि स्थानों पर स्थित मस्जिदों व ईदगाहों में निर्धारित समय पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा की। जामा मस्जिद कुजू में मौलाना जावेद कादरी द्वारा निर्धारित समय पर नमाज अदा कराई गई।

नमाज के बाद हमेशा की तरह मुस्लिम भाई अपने पूर्वजों के कब्रगाहो पर जाकर उनके लिए दुआ की और ईद की दुआएं दी।

# पाकिस्तान का क्या है इरादा

पाकिस्तान ने गुरुवार को इस बात की औपचारिक पुष्टि कर दी कि उसके विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी अगले महीने गोवा में होने वाली शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने आयेंगे। इस यात्रा की सूरत बनना इस लिहाज से अहम है कि भारत और पाकिस्तान के रिश्ते पिछले कुछ समय से बेहद बुरे दौर से गुजर रहे हैं। अगर यह यात्रा होती है तो पिछले करीब एक दशक में पहला मौका होगा, जब पाकिस्तान का कोई बड़ा नेता भारत यात्रा पर आयेगा। बिलावल न केवल पाकिस्तान के विदेश मंत्री बल्कि पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के बेटे और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के प्रमुख नेता भी हैं। जाहिर है, उनका आना केवल एक विदेश मंत्री का आना नहीं होगा, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि भारत की ओर से आमंत्रित किये जाने और पाकिस्तान की ओर से यात्रा की पुष्टि किये जाने के बाद भी इस संभावित यात्रा के साथ यह सवाल बना हुआ है कि यह सचमुच होगी या किसी बहाने से आखिरी पलों में टाल दी जायेगी। इसका एक बड़ा कारण है कश्मीर में गुरुवार को सेना पर हुआ एक और आतंकी हमला, जिसमें पांच जवान शहीद हो गये। गौर करने की बात है कि भारत-पाक संबंधों में आयी हालिया खटास के पीछे सबसे बड़ी भूमिका आतंकी घटनाओं की ही रही है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी शामिल हुए थे। उसे दोनों देशों के रिश्तों में एक नयी पॉजिटिव शुरुआत के रूप में देखा गया था। उसके बाद अगले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अचानक नवाज शरीफ के एक पारिवारिक समारोह में शामिल होकर सबको चौंका दिया था। मगर जनवरी 2016 में पठानकोट और सितंबर 2016 में उरी में हुए आतंकवादी हमलों के बाद हालात बदलते चले गये। भारत ने साफ कर दिया कि आतंकवादी गतिविधियां और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकतीं। उधर, पाकिस्तान ने भी 2019 में अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के फैसले को मुद्दा बना लिया। कुल मिलाकर दोनों तरफ हालात रिश्तों में सुधार के प्रतिकूल ही नजर आ रहे थे। मगर पिछले कुछ समय से स्थितियां बदलती नजर आयीं। जहां पाकिस्तान असाधारण आर्थिक मुश्किलों से घिर गया और वहां भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों में सुधार के लिए दबाव महसूस किया जाने लगा, वहीं चीनी सीमा पर तनाव के मद्देनजर भारत में भी पाकिस्तान के साथ सामान्य रिश्ते बहाल करने की बात कही जाने लगी है। ऐसे मौके पर शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन के विदेश मंत्रियों की यह बैठक एक टर्निंग पॉइंट साबित हो सकती है। लेकिन मूल सवाल यही है कि क्या पाकिस्तान आतंकी तत्वों की हरकतों पर लगाम लगाने की भारत की बुनियादी मांग को सम्मान देने की इच्छा शक्ति दिखा पायेगा?

**जहां पाकिस्तान असाधारण आर्थिक मुश्किलों से घिर गया और वहां भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों में सुधार के लिए दबाव महसूस किया जाने लगा, वहीं चीनी सीमा पर तनाव के मद्देनजर भारत में भी पाकिस्तान के साथ सामान्य रिश्ते बहाल करने की बात कही जाने लगी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**'मन की बात' एक अनूठा रेडियो कार्यक्रम है, जिसे विक्रम संवत 2071 (ग्रेगोरियन वर्ष 2014) में शुरू किया गया था, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री ने न केवल उन नागरिकों के साथ सीधा संपर्क स्थापित किया है, जिन तक पहुंचना सबसे कठिन है, बल्कि हमारे देश में समाज के सबसे निचले पायदान पर भी हैं। 'मन की बात' अपने सार में अद्भुत है, क्योंकि यह श्रोता और प्रधानमंत्री के बीच सीधा संबंध बनाता है।**

# 'मन की बात' : जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण

**न्यायमूर्ति केजी बालकृष्णन**



भारत ने 15 अगस्त, 2022 को अपनी आजादी के 75 साल पूरे किये। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्र और इसकी समृद्ध सभ्यता को इसके 'अमृत काल' के लिए दृष्टि दी - अगले 25 साल तक विक्रम संवत 2104 (ग्रेगोरियन वर्ष 2047) में अपनी अनमोल स्वतंत्रता की शताब्दी, जो हमारे प्यारे देश भारत के लिए अनंत संभावनाओं और परिवर्तन का काल है। पीएम मोदी ने हमारे सभी नागरिकों के लिए वास्तविक रूप से इस उल्लेखनीय पथ को आगे बढ़ाने में अपनी दृष्टि और परिश्रम से हमारे देश के लिए विकास और उपलब्धियों के एक नये युग की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री की एक पहल, उनका कार्यक्रम 'मन की बात' है, जो हमारे देश के उत्थान और बेहतर शासन के लिए की गयी कई उत्कृष्ट पहलों में से एक है। 'मन की बात' एक अनूठा रेडियो कार्यक्रम है, जिसे विक्रम संवत 2071 (ग्रेगोरियन वर्ष 2014) में शुरू किया गया था, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री ने न केवल उन नागरिकों के साथ सीधा संपर्क स्थापित किया है, जिन तक पहुंचना सबसे कठिन है, बल्कि हमारे देश में समाज के सबसे निचले पायदान पर भी हैं।

'मन की बात' अपने सार में अद्भुत है, क्योंकि यह श्रोता और प्रधानमंत्री के बीच सीधा संबंध बनाता है। किसी को ऐसा लगता है कि उसे बौद्धिक, आध्यात्मिक और व्यक्तिगत स्तर पर उनके शुभचिंतक और मार्गदर्शक के रूप में सीधे प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बिना किसी विफलता के राष्ट्र को संबोधित करने की इस प्रथा को स्थापित किया है। एक राष्ट्र के रूप में हमारे सामने कितनी भी चुनौती क्यों न हो, प्रधानमंत्री हमारे देश के एक नेता के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करने में कभी पीछे नहीं हटे। यह परिवर्तनकारी रेडियो कार्यक्रम जो देश में कई महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक जन आंदोलनों का सूत्रधार रहा है, अक्टूबर 2014 में शुरू किया गया था और 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड के मील के पत्थर तक पहुंच रहा है।

**भारत ने अपने सभ्यतागत लक्ष्यों में उत्कृष्टता हासिल करने का संकल्प लिया है।**



प्रधानमंत्री ने अमृत काल में 'पंच प्रण' यानी पांच प्रतिज्ञाएं रखी हैं, जो भारत के प्रत्येक नागरिक को भविष्य के भारत की अडिग नींव रखने के लिए लेनी चाहिए। इनमें से प्रत्येक पंच प्रण प्रेरणादायक कार्रवाई और राष्ट्र निर्माण की सुविधा पर केंद्रित है। प्रण में एक विकसित भारत का लक्ष्य, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटाना, अपनी विरासत का जश्न मनाना, एकता को मजबूत करना और अपने कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है।

पिछले दशक में भारत ने प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प के साथ अपने विभिन्न क्षेत्रों में शानदार वृद्धि दर्ज की है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि कोविड-19 महामारी की अभूतपूर्व चुनौती के दौरान, भारत अपने नागरिकों और विश्व के लाभ के लिए स्वदेशी टीकों का उत्पादन करने में सक्षम था। प्रधानमंत्री ने भारत से महामारी के दौरान 'मन की बात' पर एक आत्मनिर्भर राष्ट्र और एक मजबूत वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने का आग्रह किया।

भारत ने अपने सभ्यतागत लक्ष्यों में उत्कृष्टता हासिल करने का संकल्प लिया है, जिसमें सामाजिक स्थिरता, आर्थिक समृद्धि, सांस्कृतिक सुरक्षा और विकास शामिल हैं, जो इसकी जड़ों के समकालीन हैं। प्रधानमंत्री ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से इस संकल्प की भावना को देश की जनता में प्रभावी ढंग से व्यक्त किया है और प्रकट किया है।

प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों को लगातार परिवर्तन के एजेंट बनने और राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया है। 'मन की बात' स्टार्ट-अप इंडिया अभियान को बढ़ावा देने, भारत में युवाओं के बीच नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार मंच रहा है। हमारे देश में डिजिटल क्रांति सबसे बड़े पैमाने पर इसी माध्यम से लोकप्रिय हुई है। 'मन की बात' देश में सर्वांगीण विकास को लोकप्रिय बनाने का एक बड़ा माध्यम रहा है। 'मन की बात' हमारे नागरिकों के जीवन को बदलने और एक विकसित राष्ट्र के व्यापक लक्ष्य में योगदान करने के लिए उन्हें एकजुट करने का एक और साधन है।

प्रधानमंत्री मानते हैं कि हमारी कला, साहित्य और संस्कृति एक नए भारत की संरचना के स्तंभ हैं। उन्होंने न केवल 'मन की बात' के माध्यम से हमारे समाज की सामूहिक संपत्ति के बारे में आम जनता को सूचित करने के लिए यह जिम्मेदारी ली है, बल्कि कला, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत के हमारे स्तंभों को पुनः प्राप्त करने और पुनर्निर्माण के लिए कई पहल की हैं।

प्रधानमंत्री ने देश के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में एक वैश्विक नेता की भूमिका निभाने की राष्ट्र की क्षमता में अपना विश्वास दिखाया है। वह अपनी पहल के माध्यम से विश्व मंच पर 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा को बढ़ावा देते हैं। इसने उन नागरिकों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जो भारत को 'विश्व गुरु' बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए गौरवान्वित और प्रेरित महसूस करते हैं।

प्रधानमंत्री ने देश को 'अमृत काल' का आह्वान करते हुए कहा कि यह हमारी प्रतिभा, संसाधनों और शक्ति के आधार पर उपलब्धियों की यात्रा शुरू करने का सही समय है। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र में 'सबका प्रयास' के आह्वान को जोड़ा और लोगों से 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण की यात्रा में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने गांव और शहर के बीच के अंतर को पाटते हुए और राष्ट्र के लिए 'कम सरकार, अधिक शासन' के मंत्र को बढ़ावा देते हुए, समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को चढ़ने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए 'अमृत काल' का मार्ग प्रशस्त किया।

यह स्थापित किया गया है कि प्रत्येक भारतीय की भागीदारी, समर्पण और प्रतिबद्धता से निस्संदेह नये भारत का उदय सुनिश्चित किया जा सकता है। और 'मन की बात' जन-भागीदारी के माध्यम से देश की प्रगति को उजागर करते हुए इस दिशा में एक प्रेरक शक्ति बना रहेगा। इसलिए, राष्ट्र को लगातार अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के करीब लाते हुए भारत में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को स्थायी रूप से स्थापित करेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि 30 अप्रैल, 2023 को लाइव होने वाले इस प्रतिष्ठित रेडियो कार्यक्रम का शताब्दी एपिसोड क्या लेकर सामने लाता है।

**(लेखक : भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# पटमदा में जंगली हाथियों का आतंक, एक को कुचल कर मार डाला और दूसरा घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा थाना अंतर्गत गोबरघुसी के जंगल में शुक्रवार दोपहर में लकड़ी चुनने निकले 56 वर्षीय विभूति सहिस को हाथी ने कुचल कर हत्या कर दी। वही उनके साथ रहे 60 वर्षीय शत्रुघ्न सिंह को बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के दौरान एक अन्य महिला ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचायी। लेकिन भगाने के क्रम में महिला भी घायल हो गयी। शनिवार को ग्रामीणों को जानकारी मिलने पर विभूति सहिस और शत्रुघ्न सिंह को खोजने के लिए दर्जनों ग्रामीण जंगल की ओर निकले। जहां विभूति सहिस शव और घयाल हालात में शत्रुघ्न सिंह को देख कर स्थानीय पुलिस और वन विभाग को सूचना दी।

मौके पर गोबरघुसी के ग्राम प्रधान बेलू सिंह ने बताया जंगल में झरने का पानी पीने के लिए हमेशा हाथियों का झुंड निकलता है। शुक्रवार को दोनो ग्रामीण लकड़ी लाने के लिए सुबह करीब 10 बजे जंगल गया था। लौटने के क्रम में एक हाथी से सामना हो गया। दोनों व्यक्ति लकड़ी का बोझा छोड़ कर भागने का प्रयास किया, लेकिन विभूति सहिस को सूंड़ से पटक-पटक हाथी ने मौत के घाट उतार दिया। वही शत्रुघ्न सिंह बुरी तरह से घायल हो गया।

वहीं अन्य एक महिला डुनु सिंह ने हाथी को सामने देख कर भागते हुए किसी तरह जान बचाकर शाम तक घर लौट आयी। सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने शाम को गया, लेकिन जानकारी नही मिली। वही पूर्व मुखिया नीलरतन पाल ने बताया शनिवार को सुबह दर्जनों लोग खोजने निकले करीब दो घंटे बाद कदलबेड़ा के पास छागल तुपा क्षेत्र में विभूति सहिस की लाश दिखायी दी। वहीं घायल हालात में शत्रुघ्न सिंह पड़ा हुआ पाया गया। इसकी सूचना पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह एवं स्थानीय वनपाल को दी गयी। उन्होंने बताया शुक्रवार को लड़ाईडूंगरी टोला निवासी दुर्योधन सबर, सुशील सबर व सुभाष सबर भी जंगली आलू लाने के लिए जंगल में गये थे। आसपास हाथी के होने की जानकारी मिलने पर सभी वहां से भाग निकले। फिलहाल ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है।

उधर वन विभाग के अधिकारी एवं पुलिस घटनास्थल पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घायल शत्रुघ्न को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

# आरआइटी पुलिस ने गुमशुदा 4 वर्षीय नाबालिग को 5 घंटे में किया बरामद, परिजनों ने पुलिस के प्रति जताया आभार

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के आरआइटी पुलिस ने थाना क्षेत्र के भोला अखाड़ा के समीप से गायब हुए 4 वर्षीय नाबालिग त्रिशा नाग मुखी नामक बच्चे को 5 घंटे के भीतर ढूंढ निकाला। शनिवार को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि भोला अखाड़ा के समीप रहने दशरथ मुखी नामक व्यक्ति ने अपने चार वर्षीय बच्चे के गायब होने की सूचना दी थी। त्वरित संज्ञान लेते हुए बच्चे की खोजबीन शुरू की गयी। इसी बीच एनआइटी कैम्पस में बच्चे के लावारिस घूमने की सूचना मिली। इसके बाद बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू कर परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों के चेहरे में खुशी से खिल उठे। बच्चों के परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार प्रकट की।



# जिला परिवहन विभाग का 10 दिवसीय कैंप का शुभारंभ आज

**नये ड्राइविंग लाइसेंस, लाइसेंस रिन्यूअल, टैक्स भुगतान संबंधी समस्याओं का होगा निराकरण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान के लिए जिले के उपायुक्त विजया जाघव ने 23 अप्रैल से 2 मई तक परिवहन विभाग के द्वारा कैंप लगाने का निर्देश दिया, जहां नया ड्राइविंग लाइसेंस, पुराने लाइसेंस का रिनुअल, टैक्स जमा संबंधित परेशानियों का समाधान किया जाएगा। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आगामी 23 अप्रैल से 2 मई तक शहर के अलग अलग जगह कैंप लगाया जायेगा। उपायुक्त विजया जाधव के आदेश पर जिले में शहरी क्षेत्र के लिए 4 स्थान तथा घाटशिला अनुमंडल में 1 स्थान पर यह कैंप लगाया जायेगा। उपायुक्त ने जिले के सभी जरूरतमंद लोगों को कैंप में शामिल होकर अपने समस्या का समाधान निकलने के लिए अपील की। शहरी क्षेत्र के लिए मानगो नगर निगम कार्यालय में 23 व 24 अप्रैल, साकची मिनी बस स्टैंड में 25 और 26 अप्रैल, जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय में 27 एवं 28 अप्रैल, सिदगोड़ा टाउन हॉल में 1 तथा 2 मई, घाटशिला अनुमंडल कार्यालय में 29 और 30 अप्रैल को कैंप लगाया जायेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा की संख्या में लोग उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सके।

# भालूबासा स्लैग रोड में स्ट्रीट लाइट चालू कराने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन अग्रवाल ने जुस्को के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर जनहित की समस्या से अवगत कराते हुए निदान की मांग की। भालूबासा स्लैग रोड में जुस्को द्वारा आम जनता की सुविधा हेतु स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। सड़क के अगल बगल हरिजन बस्ती सहित कई बस्तियां है, लेकिन काफी दिनों से स्ट्रीट लाइट बंद है। संबंधित विभाग में शिकायत के बाद भी कोई कारवाई नही हुई। उन्होंने बताया सड़क मानगो, गंगोत्री, गौतम बिहार फ्लैट, नीतिबाग कॉलोनी, पटेल नगर, कल्याण नगर के लोगों के लिए लाइफ लाइन है। साथ ही टाटा स्टील से आने वाले भारी वाहनों का परिचालन भी इसी मार्ग से होता है। अंधेरे के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



## आइसीएआइ जमशेदपुर शाखा का सेमिनार

# कंपनियों के लिए ऑडिट ट्रेल अनिवार्य रखना होगा पूरा रिकॉर्ड : दिवेश गोयल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सीए संस्थान आइसीएआइ (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) की जमशेदपुर शाखा द्वारा शनिवार को गैर-अनुपालन को हटाना, समय की मांग और ऑडिट ट्रेल से संबंधित विषय पर सेमिनार का आयोजन बिष्टुपुर स्थित सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स की सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर दिल्ली से आये मुख्य वक्ता सीएस दिवेश गोयल ने संबंधित विषय पर बारीकी से बतायाष उन्होंने कहा कि आज के समय में गैर अनुपालन की हमारे अकाउंटिंग और ऑडिटिंग सिस्टम में कोई जगह नहीं है। गैर अनुपालन करने वाली कंपनी के ऊपर बहुत सख्त करवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 01 अप्रैल 2023 से सारी कंपनी के लिए ऑडिट ट्रेल मैंडेटरी कर दिया है। इसमें सारी कंपनी को अपने खाते में हुए परिवर्तन का पूरा रिकॉर्ड रखना होगा तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को ऑडिट करते समय इसकी समीक्षा करनी होगी।



इस अवसर पर विशेष आमंत्रण पर आइसीएआइ की रीजनल काउंसिल सदस्य रांची से आयी मनीषा बियानी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इससे पहले अतिथियों द्वारा सेमिनार का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मनीष मुनका ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा सेक्रेटरी सिद्धार्थ खंडेलवाल ने किया।

चेयर पर्सन अंकिता अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। अंत में अमित अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस सेमिनार का लाभ शहर के 100 से अधिक सीए ने लिया। इसे सफल बनाने में अंकिता अग्रवाल, सुगम सरायवाला, पंकज शिंगारी, योगेश शर्मा, सिद्धार्थ खंडेलवाल, प्रभात सेकेरिया, रमेश अग्रवाल, श्वेता खेतान, पीएन शंगारी, विशाखा अग्रवाल, आनंद अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

# ऑटो पलटने से एक की मौत, कई घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** कोल्हान में भीषण गर्मी के बाद शनिवार की शाम तेज आंधी एवं हल्की वारिस के साथ मौसम ने करवट ले ली। वही वारिस में ऑटो पलटने से चालक सहित छह लोग घायल हो गये। इनमें से 10 वर्षीय अंजू गोडसेरा की मौत हो गयी। वहीं 12 वर्षीय अंजना गोडसेरा गंभीर रूप से घायल है। सभी घायलों का सरायकेला सदर अस्पताल में ईलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आदित्यपुर विद्युतनागर नगर से जर्मन गोडसेरा अपनी ऑटो से पत्नी लक्ष्मी गोडसेरा (35), बड़ी पुत्री संजना गोडसेरा (16), मंझली पुत्री अंजना गोडसेरा (12), छोटी पुत्री अंजू गोडसेरा (10) एवं पड़ोसी की पुत्री नागी गागराई (13) को लेकर चाईबासा के गिद्दीबसा जा रहे थे। इसी दौरान सरायकेला-टाटा मार्ग पर सरायकेला थाना अंतर्गत पुड़ाडीह के समीप तेज आंधी की चपेट में आकर ऑटो पलट गया।



ऑटो में सवार सभी घायल हो गये। इसमें अंजू गोडसेरा की मौके पर ही मौत हो गयी। उधर आनन- फानन में सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां सभी का प्राथमिक ईलाज किया गया। गंभीर रूप से घायल अंजना गोडसेरा को एमजीएम अस्पताल रेफर कर किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 23 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## गढ़वा जिले में अकीदत के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाया गया ईद का त्योहार

# लोगों ने ईद की नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ

**लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद**

आजाद सिपाही टीम


गढ़वा शहर में ईद की नमाज अदा करते लोग



मेराल में ईद मिलन समारोह में शामिल लोग


रंका में नमाज अदा करते लोग


भंडरिया में ईद की नमाज अदा करते लोग


कांडी में ईद की नमाज के बाद एक-दूसरे को बधाई देते लोग


केतार में ईद की नमाज के बाद गले मिलते लोग

**गढ़वा।** जिले में ईद-उल- फितर का त्योहार अकीदत व मसरत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने स्थानीय इदगाहों, मस्जिदों व मदरसों में दो रिकअत वाजिब नमाज-ए-ईद - उल- फितर अदा की। नमाज अदायगी को लेकर मस्जिदों एवं इदगाह स्थलों पर सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी। नमाज अदा करने के बाद लोग एक-दूसरे से गले मिलकर ईद- उल- फितर की बधाई दी। जिला मुख्यालय स्थित गढ़वा ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज अब्दुस्समद ने नमाज - ए -ईद अदा कराई। जबकि टंडवा मस्जिद में मौलाना शाहजाद आलम मिसवाही, उंचरी मस्जिद में मुफ़्ती मो यूनुस एवं मदरसा तबलिगुल इस्लाम के मैदान में मौलाना लियाकत हुसैन, रंका जामा मस्जिद में मौलाना महमूद, मझिआंव में मौलाना मो सदीक, अली नगर उंचरी में मौलाना रफीउद्दीन, शरीफ नगर उंचरी में मौलाना शेर मोहम्मद, सकरकोनी ईदगाह में मौलाना मो एजाज, हरैया ईदगाह में हाफिज शौकत, छतरपुर ईदगाह में मौलाना मुमताज, झलुआ में मौलाना अमीनुद्दीन, चिरोंजिया मस्जिद में मौलिक सद्दाम, कल्याणपुर ईदगाह में मौलाना यूसुफ ने ईद- उल - फितर की नमाज अदा कराई। इस अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी नमाज अदायगी स्थलों पर इंताजामिया कमेटियो के द्वारा नमाजियों की सूविधा के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र सहित अन्य इंतजाम किया गया था। वहीं पर्व के अवसर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु प्रशासन के द्वारा सभी इबादतगाहों के पास दंडाधिकारी व पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे। ईद के अवसर पर सभी इबादतगाहों के पास मेला भी लगा था।

### मेराल

प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायतों के ईदगाहों, मस्जिदों में शनिवार को बड़े ही श्रद्धा के साथ ईद की नमाज अदा की गई। प्रखंड मुख्यालय के पूर्वारा टोला स्थित ईदगाह में सभी टोला से बड़ी संख्या में पहुंचे अकीदतमंदों को कारी कमालुद्दीन ने ईद की नमाज अदा कराई तथा मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी। नमाजियों में मुख्य रूप से मौलाना हाजी यासीन, सैयाद नूरी, सदर मुख्तार अंसारी, अतहर अली, जहूर रंगसाज, शमीम रंगसाज, अहमद अंसारी, मकसूद अंसारी, जफीर अंसारी, जलालुद्दीन अंसारी, रियासत अंसारी, लतीफ अंसारी, नजमुद्दीन अंसारी, नूर हसन अंसारी, समीद अंसारी, अकबर अंसारी, आरिफ अंसारी, मसूद आलम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी।

वहीं बीडीओ प्रवेश कुमार साव, थाना प्रभारी नीतीश कुमार एवं झामुमो नेता मिथिलेश कुमार देव के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## मंत्री मिथिलेश ने गले मिलकर दी ईद की बधाई



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने ईद के मौके पर इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान शनिवार को मंत्री श्री ठाकुर ने उचरी मस्जिद, ईदगाह, गढ़वा मदरसा आदि स्थानों पर पहुंच कर लोगों से गले मिला एवं उन्हें ईद की मुबारकबाद दिया। तत्पश्चात मंत्री श्री ठाकुर गुरदी, बेलचंपा, प्रतापपुर, पतसा, संग्रह खुर्द, फरठिया, दरमी, गिदहा, चमरही, संग्रहे कला, पचफेड़ी, टिकुलडीहा, दलेली आदि गांवों में कई लोगों के घर जाकर भी ईद की बधाई देते हुए दावत में शामिल हुए।

### रंका

रंका अनुमंडल मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में ईद का त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर रंका तक्कूशाह दाता के मजार प्रांगण स्थित ईदगाह में बड़ी मस्जिद के इमाम मोहम्मद मुफ्ती मंहमुद शम्सी ने नमाजियों को ईद कि नमाज पढ़ायी। नमाजे ईद के बाद प्रेम भाईचारे का निर्वहन करते हुए एक दूसरे को गले लगा कर ईद कि मुबारकबाद दी तथा देश राज्य और अपने क्षेत्र में अमन-चैन, शांति और खुशहाली के लिए इबादत कर दुआएं मांगी। इस अवसर पर अंजुमन कमेटी अनुमंडल इकाई रंका के सदर मोहम्मद शोएब खलीफा, रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, न्यायिक दंडाधिकारी शंभू राम, पुलिस सब इंस्पेक्टर रिंकू कुमार, श्रवण कुमार, विकास कुमार सहित हजारों की संख्या में नमाजी उपस्थित थे।

### भंडरिया

भंडरिया प्रखंड क्षेत्र में ईद उल फितर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। करचाली, भंडरिया, चिरैयाटांड़, मदगड़ी सहित अन्य गांव के मस्जिदों एवं ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई। भंडरिया जामा मस्जिद में मौलवी हदीस अहमद ने ईद की नमाज पढ़ाई। करचाली ईदगाह में मौलाना मुख्तार आलम, मदगड़ी मस्जिद में मौलाना मुमताज, चिरैयाटांड़ मस्जिद में हाफिज कमाल ए मुस्तफा, इस मौके पर मुल्क में अमन शांति और भाईचारे के लिए दुआ की गई। ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। मौके पर जुबेर नसीम आजम, मौलाना मुर्शीद, मुफ्ती काशिफ रजा, मौलाना इकबाल अहमद, हाफिज अशफाक अहमद, हाजी सलामत्तुल्लाह, हाजी शमीम, हाजी अमीम, सदर वाजुद्दीन, हाजी सलीम, फिदा हुसैन हाफिज व कारी अकमल रजा, जावेद अख्तर एवं अन्य लोग शामिल थे।

### कांडी

कांडी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ईदगाह व मस्जिदों में शनिवार को ईद की नमाज अदा की गी। ईद के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। कांडी ईदगाह में हाफिज माजिद खान, सड़की मस्जिद में हाफिज कयामुद्दीन खान, सेतो मस्जिद में मौलाना इकबाल, अधौरा ईदगाह में मौलाना इमामुद्दीन खान, कुरकुटा में हाफिज मोहम्मद शकील, छोटकी लमारी में हाफिज सफायत, पतिला, मरहटिया और जमुआ में मौलाना अब्दुल मनान ने सभी को ईद की नमाज पढ़ायी। नैनाबार व भुड़वा में भी ईद की नमाज अदा की गयी। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान, डॉ. एम हुसैन, अमजद हुसैन, हातिम खलीफा, बाबू खान, यीशु अली, आलम खान, वाहिद खान, लाल मोहम्मद खान, मुर्तुजा खान, निजामुद्दीन खान, अयान खान, सोनू खान, आसिफ खान, इम्तियाज खान, जलालुद्दीन खान, बेचन खान, इमरान खान, गोल्डन खान, इसराइल अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### केतार

केतार प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शनिवार को मस्जिद में नमाज अदा कर पवित्र ईद पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम मुस्लिम समुदाय के लोगो ने सुबह में केतार एवं बेलाबर के मस्जिदों में जाकर अल्लाह की नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। मौके पर केतार मुखिया प्रमोद कुमार एवं समाजवादी नेता अजय वर्मा ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। मौके पर ूर्व उपमुखिया मोजहिदीन अंसारी, अलताफ अंसारी, साकिर अंसारी, जमायत अंसारी, हकीमुदिन अंसारी, इम्तियाज आलम, जसमुदिन अंसारी, कुदुस अंसारी, साहिद अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भंडरिया पुलिस ने बिजली तार चोरी के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया पुलिस ने बिजली तार चोरी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के चपीया गांव निवासी महेश किसान पिता अमृत किसान, मुटका किसान पिता जाटा किसान, अनिल खाखा पिता मीखेल खाखा, शंकर सिंह पिता हरावण सिंह एवं रंका थाना के सोनपुरवा गांव निवासी तौफीक अंसारी पिता गुलाब अंसारी के नाम शामिल हैं। भंडरिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए भंडरिया थाना इंस्पेक्टर संजय खाखा ने कहा कि चपीया, मदगड़ी सहित अन्य गांव में बिजली विभाग द्वारा बिजली के खंभे में तार लगाया गया था। उक्त चोरों ने बिजली के खंभा का तार काटकर चोरी कर ली थी। बिजली विभाग द्वारा इस बिजली तार चोरी के विरुद्ध भंडरिया थाना में कांड संख्या 18/2023, दिनांक 15.4.2023 को दर्ज कराया था। उक्त आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया गया था। भंडरिया पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया था। उक्त सभी अपराधी इतने शातिर थे कि बार-बार पुलिस को चकमा देकर वे भागने में सफल हो जा रहे थे। भंडरिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर संजय खाखा ने कहा कि भंडरिया थाना क्षेत्र में चोरी करने वाले अपराधियों की अब खैर नहीं है। उन्होंने कहा कि चोरी, रंगदारी एवं लूटमार करने वाले लोग सुधर जाएं नहीं तो ऐसे अपराधियों को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

## दलित विधवा के साथ दुर्व्यवहार को लेकर बीडीओ के खिलाफ लोगों में आक्रोश

**सगमा बीडीओ को बर्खास्त कर कानूनी कार्रवाई नहीं की गयी तो भाजपा अजजा मोर्चा प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगा : लक्ष्मण राम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** गत शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में घटी घटना को लेकर अनुसूचित जनजाति के लोगों में काफी आक्रोश है। घटना को लेकर प्रेसवार्ता कर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय के घघरी निवासी दलित महिला मुनी कुंअर द्वारा अपने रुके हुए विधवा पेंशन चालू कराने के एवज में दिए गए पांच हजार रुपये वापस करने की मांग करने पर सगमा बीडीओ सत्यम कुमार द्वारा कथित तौर पर जाति सूचक शब्दों से दलित महिला के साथ अभ्रद व्यवहार करते हुए धक्का मुक्की कर चेंबर से बाहर निकालना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सगमा बीडीओ द्वारा हमेशा लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की सूचना मिलती आ रही है। जिसे भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि संगमा बीडीओ के खिलाफ महिला को लेकर गढ़वा उपायुक्त और राज्यपाल महोदय से इसकी शिकायत करने का काम करूंगा। सगमा बीडीओ का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। कुछ माह पूर्व मकरी गांव निवासी सोनू मौर्या अपने निजी कार्य के लिए प्रखंड मुख्यालय गया तो बीडीओ द्वारा उनसे भी पैसे की मांग की गयी थी। जब बात नहीं बनी तो बीडीओ द्वारा सोनू कुमार मौर्या पर झूठा मुकदमा दर्ज कर जेल भिजवाने का काम किया गया। इसकी जानकारी मुझे समाचारपत्र के माध्यम से हुई थी। जिस तरह से नगर एसडीओ आलोक कुमार द्वारा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया शायद उस दिन भी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा सकता था। लेकिन वैसा कुछ नहीं हुआ। बीडीओ द्वारा सीसीटीवी कैमरा ऑफ कर महिला के साथ कुछ अभद्र व्यवहार किया गया होगा। उन्होंने कहा कि बीडीओ बहुत चालबाज हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस बीडीओ के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए बर्खास्त नहीं किया जाता है तो भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के लोग प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। इस मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलराम राम बैठा, गौतम बैठा सहित कई लोग प्रेस वार्ता में महिला पुरुष शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शहीद नीलांबर पीतांबर की घायल परपोती का मंत्री ने अस्पताल जाकर लिया हाल-चाल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को सदर अस्पताल पहुंचकर शहीद नीलांबर पीतांबर की घायल परपोती चिंता कुमारी का हाल चाल लिया। मंत्री ने सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार एवं डीएस डा. अवधेश कुमार सिंह को चिंता का समुचित और बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि चिंता कुमारी एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंत्री श्री ठाकुर ने शनिवार को सदर अस्पताल पहुंचकर उसका हाल चाल लिया। साथ ही सीएस, डीएस एवं चिकित्सकों को इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि चिंता कुमारी के इलाज में जो भी समस्या आएगी उसे वे दूर करेंगे। मंत्री ने उसे हर प्रकार से सहयोग करने की बात कही। मौके पर उक्त सहित झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### परशुराम जयंती पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया रक्तदान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** परशुराम जयंती के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से शनिवार को सदर हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर सहित आठ लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मंत्री श्री ठाकुर सहित मनोज कुमार झा, संदीप कुमार, विष्णु सिंह, सत्यम सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, धीरेंद्र चौबे एवं जाफर खान का नाम शामिल है। झामुमो के संस्थापक सदस्य जफर खान ने ईद के मुबारक मौके पर अपना रक्तदान किया। मौके पर मुख्य रूप से सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा.अवधेश कुमार सिंह, यक्ष्मा नोडल पदाधिकारी डा. कमलेश कुमार, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, कंचन साहू , आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, रंथा नायक, दिलीप गुप्ता, , ब्लड बैंक प्रभारी डा. वीरेंद्र कुमार, डीपीएम प्रवीण सिंह, को-ऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार, लैब टेक्नीशियन प्रदीप पासवान, जीएनएम रूपदेव सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### मृतक परिजनों का बलीगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने किया सहयोग



**केतार (आजाद सिपाही)।** बलीगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा शक्ति परिषद के अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने पंचायत अंतर्गत चेचरिया गांव निवासी स्व. वीरा साह के घर जाकर उनकी मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बढ़ाया। मुखिया प्रतिनिधि ने मृतक के परिजनों को श्राद्धकार्य के लिए नकद सहित अन्य सामग्री देकर सहयोग किया। मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हमेशा पंचायत के हर गरीब असहाय व्यक्ति को सहयोग करते आ रहे हैं। मौके पर उपस्थित युवा शक्ति परिषद के उपाध्यक्ष रमेश राम, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील यादव, बिंदु यादव, विजय पासवान, विष्णु पासवान, ब्रह्मदेव यादव, पुरुषोत्तम प्रसाद उपस्थित थे।

### ट्रक-मोटरसाइकिल के बीच टक्कर में एक युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**रमना (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बहीयार मोड़ के समीप एनएच 75 पर मोटरसाईकिल और ट्रक की आमने सामने टक्कर में मोटर साइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार धुरकी थाना क्षेत्र के पनघटवा निवासी गरीबा राम के 24 वर्षीय पुत्र रिंकू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अरुण कुमार तथा प्रवीण कुमार पिता राजेंद्र राम (पनघटवा) दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची रमना थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमना भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा स्थित सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक रिंकू कुमार का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया।

## कार्यक्रम : ब्रह्मर्षि सेवा संस्थान ने परशुराम जयंती समारोह मनाया

# शास्त्र के साथ शस्त्र का भी प्रयोग करने का भगवान परशुराम ने दिया संदेश : मंत्री मिथिलेश

**भगवान परशुराम भवन का निर्माण कार्य शीघ्र होगा पूर्ण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ब्रह्मर्षि सेवा संस्थान गढ़वा के तत्वावधान में शहर के चिनिया रोड में भगवान परशुराम जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर एवं भगवान परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान संस्थान के लोगों फरसा एवं अंग वस्त्र देकर मंत्री का स्वागत किया। मंत्री श्री ठाकुर ने चिनिया रोड स्थित गौतम नगर में अधूरे पड़े भगवान परशुराम भवन का निर्माण एल जल्द पूर्ण कराने की बात कही।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भगवान परशुराम ने समाज की रक्षा के लिए जरूरत पड़े तो शास्त्र के साथ शस्त्र का भी प्रयोग करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की जयंती वैशाख मास में शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाई जाती है। इस पावन दिन को अक्षय तृतीया कहा जाता है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर भगवान विष्णु के अवतार परशुराम का जन्म हुआ था। भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। माना जाता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। इतना ही नहीं इनकी गिनती तो महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कंडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में होती है जिन्हें कालांतर तक अमर माना जाता है। पौराणिक ग्रंथों में वर्णित है कि भगवान परशुराम अत्यंत क्रोधी स्वभाव के थे। इनके क्रोध से देवी-देवता भी थर-थर कांपते थे। इस दिन भगवान विष्णु के परशुराम अवतार की पूजा करने से शौर्य, कांति एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है और शत्रुओं का नाश होता है। मौके पर ब्रह्मर्षि सेवा संस्थान के अध्यक्ष पूरन तिवारी, अमृत शुक्ला, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, आशुतोष पांडेय, धीरेंद्र चौबे, कृष्ण मुरारी पांडेय, संदीप दुबे, कंचन साहू, दिलीप गुप्ता, बलराम तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ब्राह्मण महासभा (रा) ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के द्वारा जिला प्रभारी ब्रजेंद्र कुमार पाठक के बिशुनपुर गढ़वा स्थित आवास पर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को भक्ति भाव के साथ वृहद रूप से मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक एक कर भगवान की तस्वीर पर फूल माला एवं धूप दीप अर्पण किया। जिसके बाद वहां उपस्थित पंडित शिवनारायण पाठक के द्वारा भगवान परशुराम की पूजा पाठ कराई गई एवं तमाम लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। जन्मोत्सव में मुख्य रूप से शामिल अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाठक ने कहा कि हम अपने समाज को एकजुट करके ही भगवान परशुराम के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा एवं समर्पण को दर्शा सकते हैं। वहीं जिला प्रभारी ब्रजेंद पाठक ने कहा कि हमें भगवान परशुराम से प्रेरणा लेते हुए उनके बताए मार्गों पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात उपस्थित विजय तिवारी, विजय पांडेय, अशोक पांडेय, मुरलीधर तिवारी, शिवनारायण पाठक, छोटन तिवारी सहित दर्जनों लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में आनंद मोहन तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, यशवंत मिश्रा, ओंकार तिवारी, अरविंद मिश्रा, प्रमोद दुबे, अरुण दुबे, विनय दुबे, दुर्गेश मिश्रा, राकेश शुक्ला, रवींद्र मिश्रा, राजेश तिवारी, पंजक तिवारी, दिलिप तिवारी, पंचम तिवारी, राजू तिवारी, दुर्गेश मिश्रा, मुकेश दुबे, ब्रजेश धर दुबे, बबलू दुबे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 23 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



# ईदगाहों और दर्जनों मस्जिदों में बड़ी अकीदत के साथ ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय सहित दर्जनों ईदगाहों और मस्जिदों में शनिवार को बड़ी अकिदत के साथ ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। इस दौरान नमाजियों ने खुशहाली व भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी। इसी कड़ी में लातेहार सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के समीप पतरातु जामा मस्जिद, कोड़ाग जामा मस्जिद में मौलाना साहब ने सुबह 8,30 बजे से ईद उल फितर की नमाज अदा कराया। वही सासंग ईदगाह में मौलाना साहब के द्वारा ईद उल फितर की नमाज अदा कराई गई। वही नमाज के पश्चात पुरे क्षेत्रों में शांति और आपसी भाईचारगी बनाए रखने और अमन चैन रखने की दुआ मांगी गई। आपको बता दें की रामजान एक ऐसा पावन महीना है जब एक माह से रोजे में रहकर नमाज की अदा की जाती है। इस पावन पर्व दिन बड़े से लेकर छोटे बच्चे भी एक दूसरे से गले मिलकर हुए गिले-शिकवे को दूर किया जाता है वही एक दूसरे के घर जाकर आपसी भाईचारे बनाते हुए सेवैया भी खाई जाती हैं। कहा जाता है कि कैसी भी दुश्मनी हो कैसी भी लड़ाई हो वह सभी चीजों को भूलाकर इस रमजान के पावन महीने में सभी एक दुसरे से गले मिलकर गिले-शिकवे को दूर कर दिया जाता है। समाज सेवी रियाज मियां के द्वारा कोड़ाग ग्राम में मिलन समारोह का आयोजन भी किया। जहां एक दूसरे से गले मिले गए और मुबारक बाद भी दी गई। इस दौरान रियाज मियां ने कहा कि रमजान जैसे मुबारक महीने में खुदा अपने बंदों के बीच बहुत करिब हो कर अधिक नवाजता है.और रोजेदारों व ईद की नमाज मे पहुंचे लोगों की दुआओं को आसानी से कबूल करता है. हम जिस तरह रमजान के महिने मे हर बुराई से बचे है वैसाही पुरे साल बचने की दुआ की। इस अवसर पर पुलिस अवर निरीक्षक गौरव सिंह दल बल के साथ पुरे क्षेत्र में गश्त करते दिखे. नमाज के पश्चात मुखिया प्रतिनिधि मंगल देव उराव ने सभी लोगों से गले मिलकर ईद के मुबारक बाद दिए। मौके पर उप मुखिया असगर हजाम , पंचायत समिति नसबुलेन आलम पप्पू अंसारी, रुस्तम अंसारी डबलू खान रियाज मियां अकबर खान, अतीक मियां परवेज , सलमान खान सारुख खान सुहेब खान आलम सदन खान समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### घरवापसी: 10 साल बाद ईसाई धर्म से सरना धर्म में वापस आये



भंडरा लोहरदगा (आजाद सिपाही)। ईसाई धर्म अपनाकर 10 वर्षों तक ईसाई धर्म का अनुपालन करने के बाद सरना धर्म में वापस लाया गया। इस संबंध में सनिया उरांव एवं शुकरी उरांव ने बताया कि ईसाई धर्मावलंबियों के द्वारा कई तरह का प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में मुझे लाया गया था। ईसाई धर्म अपनाने के बाद मुझे प्रलोभन के अनुसार कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। बाद में मुझे अपने किए गलती का एहसास होने लगा और मैं सरना धर्म में वापस आने के लिए अपना निर्णय ले लिया। इस बात की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने मुझे सरना धर्म में वापस लाने का निर्णय लिया।मैं ईसाई धर्म से वापस सरना धर्म में आया हूं। भंडरा प्रखंड क्षेत्र के उदरंगी पंचायत अंतर्गत हाटी कुंबटोली गांव का निवासी सनिया उरांव अपनी पत्नी के साथ 10 वर्ष पहले धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपना लिया था। इस मामले पर सनिया उरांव के द्वारा बार-बार सरना धर्म में वापस आने की बात की जा रही थी। स्थानीय ग्रामीण भी उसे सरना धर्म में वापस लाने की चर्चा कर रहे थे। आज पहान ननका मुंडा, पूजार एतवा उरांव, महतो झरिया उरांव सहित गांव के अन्य ग्रामीणों के समक्ष सनिया एवं उसकी पत्नी सुकरी उरांव का धर्म वापसी सरना धर्म में कराया गया। मौके पर सोमरा उरांव कर्मसहाय ऊराव ,सोना मुंडा, पारसनाथ उरांव, रवि उरांव,राम पति उरांव, छोटया उरांव, बिरसा उरांव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### पितृ भक्ति के श्रेष्ठ उदाहरण हैं भगवान परशुरामः चंद्र मोहन पाठक

## भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मनाया गया

**विष्णु के अवतार परशुराम ने शस्त्र और शास्त्र दोनों का उचित समय पर उपयोग सिखाया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव शनिवार को लोहरदगा के सेन्हा ठाकुरबाड़ी परिसर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा मनाया गया। सभी लोगों ने भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम भगवान की पूजा अर्चना की और देश और समाज के कल्याण और विकास की कामना की। इस अवसर चंद्र मोहन पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम का उल्लेख रामायण, महाभारत और कल्कि पुराण में है। वह महर्षि जमदग्नि और रेणुका की संतान हैं। मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम का प्राकट्य काल प्रदोष काल में था और वह आठ चिरंजीवी पुरुषों में एक हैं। वह आज भी इस धरती पर मौजूद हैं। इनके अलावा महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण कृपाचार्य और ऋषि मारकंडेय आज भी इस धरती पर विचरण कर रहे हैं। श्रीधर पाठक ने कहा कि परशुराम जी का जन्म ब्राम्हण कुल में हुआ था मगर उनका यह अवतार बहुत ही तीव्र और प्रचंड स्वभाव का था। अपने माता-पिता के अपमान का बदला लेने के लिए इन्होंने पृथ्वी पर 21 बार क्षत्रियों का संहार किया था। पितृ भक्ति के श्रेष्ठ उदाहरण माने जाते हैं। उन्होंने सिखाया कि शस्त्र और शास्त्र दोनों ही उपयोगी हैं और उचित अवसर पर इनका प्रयोग होना चाहिए। भगवान परशुराम के आदर्श अनुकरणीय हैं। कार्यक्रम में विजय पाठक, रामज्ञानी पाठक, अवनीश पाठक, अरविंद पाठक विनय पाठक, उज्जवल पाठक, सिद्धार्थ,परीक्षित, अभिजीत, डायमंड, संदीप, सुंदरम, अनिकेत आदि मौजूद थे।

### बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी ने लोगों को ईद की दी बधाई

## भंडरा मे शांतिपूर्ण तरीके से ईद-उल-फितर संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड में शनिवार को आपसी भाई चारगी व सौहार्दपूर्ण माहौल मे ईद का त्योहार मनाया गया। ईद का त्योहार खुशियां बांटने और भाईचारे को बढ़ाने के लिए जाना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर अनुसार ईद दसवें महीने शव्वाल की पहली तारीख को मनायी जाती है। ये त्योहार चांद देखने के बाद शुरू होता है। जिले में 21 अप्रैल को ईद का चांद देखा गया ऐसे में यहां 22 अप्रैल शनिवार को ईद मनायी गयी। माना जाता है कि पैगंबर मुहम्मद ने बद्र की लड़ाई जीती थी, जिसकी खुशी में सभी ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया था। इसलिए इस दिन को मीठी ईद या ईद उल फितर के रूप में मनाया जाने लगा। इस त्योहार को सभी लोग आपस में मिलकर मनाते है और खुदा से सुख-शांति के लिए दुआएं मांगते हैं। पूरे देश में ईद बढ़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इस दिन सुबह से ही एक-दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो जाता है। शनिवार को प्रखंड के भंडरा, आकाशी, कुम्हारिया, तेतरपोका, मसमानो, अम्बेरा, उदरंगी आदि गावो मे मुस्लिम धर्मलाम्बियों ने अपने पैगंबर से क्षेत्र व देश की अमन चैन व तरक्की की दुआ मांगी। भंडरा पुलिस प्रसाशन त्योहार मे किसी तरह की खलाल ना हो इसके लिए भंडरा पुलिस पुरी तरह मुस्तैद थी। थाना प्रभारी गौतम कुमार पूरे क्षेत्र का भर्मण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाये हुये थे।

### कल्याण रुद्र महायज्ञ शिवलिंग प्रतिष्ठा श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन 28 से

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड के पतगच्छा गांव में आगामी 28 अप्रैल से लेकर चार मई तक कल्याण रूद्र महायज्ञ शिवलिंग प्रतिष्ठा श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अनुष्ठान को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है। आयोजक टीम में शामिल विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इस अनुष्ठान में कई विद्वान शामिल होंगे। अनुष्ठान के तहत 28 अप्रैल को सर्व प्रायश्चित जल यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना, 29 मई को देवताओं का आवाह्न, प्रतिष्ठा पूजन, हवन, तीन मई को शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा और चार मई को यज्ञ पूणार्हुति एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक दिन श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी होगा। इसके अलावे रासलीला का आयोजन भी किया जाएगा। रूद्र यज्ञ समिति पतगच्छा द्वारा सभी अनुष्ठान आयोजित कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रूद्र यज्ञ संपूर्ण पापों का निवारण करने वाला है। रूद्र होम समस्त मनोकामनाओं को पूरा करने वाला है। यह सर्वत्र शांति प्रदानकर्ता है। रूद्र यज्ञ आशुतोष भगवान शंकर को प्रसन्न करने के लिए बहुत ही उपयोगी एवं महत्त्वपूर्ण यज्ञ है। धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन में सभी लोग जुटे हुए हैं।

### धूमधाम से मनाया गया श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर जयनाथपुर का वार्षिकोत्सव




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शहरी क्षेत्र के जयनाथपुर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम मनाया गया। मंदिर में पूजन हवन कार्यक्रम पुरोहित बसन्त पाठक, संजीत पाठक की अगुवाई में किया गया। शनिवार सुबह लगभग आठ बजे से मंदिर में पूजन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ किया गया। दोपहर में हवन पूणार्हुति व महाआरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद खाने के लिए श्रद्धालु दोपहर से ही जुटने लगे थे। देर रात तक भंडारा चलता रहा। लोग कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय गीत लहरियां बज रही थी। राम सियाराम सियाराम जय जय राम की आकर्षक व आनन्दमय धुन बज रही थी। इससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था गौरतलब है कि मंदिर की स्थापना 22 अप्रैल 2016 को हुई थी। मंदिर परिसर में रामदूत हनुमान जी के अलावे भगवान शिव, पार्वती व गणेश जी की मूर्ति स्थापित है। मंदिर के निर्माण के बाद से लगातार हर साल पूरे धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया जाता रहा है। मंदिर कमिटी के प्रवीण कुमार महतो, अभय कुमार महतो ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसके लिए आसपास के लोगो का हम सब सहृदय से धन्यवाद देते हैं। मौके पर श्वेता देवी, ममता कुमारी, सीता कुमारी, वार्ड पार्षद संगीता कुमारी, निशांत कुमार, मदन उराव,संतोष उराव,सरोज उराव,विकास उराव, नीरज कुमार, ललिता कुमारी, प्रेमा देवी, आर्यन कुमार, अनिता कुमारी, अनिता उराव, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## चंदवा की दलित नाबालिग पीड़िता को न्याय दिलाने में प्रतुल की अहम भूमिका



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के हाका गांव में एक दलित बेटी के साथ हुए सामूहिक जघन्य बलात्कार के मामले में न्याय दिलाने में महती भूमिका निभाई भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने।जहां बाकी नेता रस्म अदायगी के लिए पीड़ित परिवार के पास गए। वहीं प्रतुल ने 7 दिनों में चार बार पीड़ित परिजनों से मिलकर पुलिस पर उदभेदन का दबाव बनाया।

17 अप्रैल को प्रतुल ने लातेहार पुलिस को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा की अगर 72 घंटे में गिरफ्तारी नहीं होगी तो उसके बाद चंदवा से रांची तक आंदोलन की शुरूआत हो जाएगी। उनके इस अल्टीमेटम के बाद पुलिस की दबिश बढ़ने लगे। जिस दिन अल्टीमेटम समाप्त हुआ उस दिन भाजपा का एक भारी-भरकम प्रतिनिधिमंडल हाका गांव पहुंचा जिसमें विधायक अमर बावरी और नवीन जायसवाल और खुद प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने उसी दिन आंदोलन की घोषणा करते हुए अगले दिन राज्यपाल से मिलने की बात और धरना प्रदर्शन शुरू करने की घोषणा की थी। अल्टीमेटम समाप्त होने वाले दिन ही पुलिस में इस घटना का। दलित समाज में इस घटना में प्रतुल की उदभेदन में भूमिका को सकारात्मक चर्चा हो रही है।

## भाकपा माले का 54वां स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** भाकपा माले का राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत शनिवार को भाकपा माले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड के उकामाड़, बहेराटांड़, होरिलोंग, चपरी, मुरु, आखरा, कंचनपुर, केचकी, कुटमू सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में स्थापना दिवस मनाया गया। माले जिला सचिव कॉ बिरजू रामकी देखरेख में आयोजित किया गया ग्राम उकामाड़ में पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आइसा के जिला प्रभारी रंजीत सिंह ने कहा कि आज हम पार्टी के 54 वा स्थापना दिवस के अवसर पर हम छात्र नौजवान को संकल्प लेना होगा, कि जनविरोधी छात्र विरोधी मोदी सरकार को हर हाल में उखाड़ फेंकना होगा.कहा साक्षी है कि जब-जब छात्र नौजवान आगे बढ़ा है लड़ा है तब तब परिवर्तन हुआ है. इसका जीता जागता उदाहरण हैं 1977 का जे पी आंदोलन और 1969 का नक्सलबाड़ी आंदोलन है। माले जिला सचिव कॉ बिरजू राम ने कहा अपने संबोधन में कहा कि पार्टी का जन्म उस समय हुआ था जब पूरा देश इंदिरा निरंकुशता के आग मे जल रहा था। चारों तरफ किसान मजदूरों पर दमन जारी था। किसान मजदूर त्राहिमाम थे वैसे दौर में बंगाल की धरती पर नक्सलबाड़ी आंदोलन हुआ। जहां किसान मजदूर के हित में सैकड़ों लोगों ने अपनी जान दी और कॉ चारु मजूमदार के नेतृत्व में नक्सलबाड़ी आंदोलन हुआ और 22 अप्रैल 1969 को पार्टी का स्थापना हुई। आज भाकपा माले पूरे देश में त्याग, बलिदान और संघर्ष के रूप में जाना जाता है आज हमें स्थापना दिवस में जनविरोधी,पूंजीप्रस्त,लोकतंत्र विरोधी, संविधान विरोधी, फासीवादी, मनुवादी मोदी राज को खात्मा करना ही हमारा संकल्प है। हमे लोकतंत्र बचाओ,संविधान बचाओ, शहीदों के सपनो का भारत बनाओ नारा को बुलंद करते हुए ग्राम कमिटी, पार्टी शाखा को गांव - गांव में ठीक करना होगा. श्री राम ने कहा पार्टी संगठन को बड़े दायरे में मजबूत करना होगा. पार्टी के 11 वे महाधिवेशन में लिए गए संकल्प को गांव में पहुंचाते हुए विपक्षी एकता को मजबूत करना होगा.सभा की अध्यक्षता श्रवण कुमार सिंह ने किया.इसके पूर्व हर जगह पार्टी का झंडोतोलन कर शहीद साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया. हर जगह वक्ताओं ने मोदी हटाओ,देश बचाओ का संकल्प लिया गया कार्यक्रम में प्रखंड सचिव कमलेश सिंह, रंजीत सिंह चेरो, लुरुक सिंह, कृष्णा सिंह, डॉ रमेश कुमार, घनश्याम राम, नंदलाल सिंह,दशरथ सिंह, डिहल सिंह,श्रवण कुमार सिंह, रविन्द्र सिंह, फूनी देवी, सुदामा राम,श्यामदेव सिंह, फुलदेव सिंह, प्रह्लाद सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण रहे शामिल।

### वज्रपात की चपेट में आने से मवेशी की मौत



सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट में वज्रपात से एक मवेशी की मौत होने से गौ पालक किसान को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। वज्रपात की सूचना पर पंचायत मुखिया राजश्री उराँव पहुंच घटना का जायजा लेते हुए विभाग से आर्थिक सहयोग प्रदान करवाने का आश्वासन गौ पालक किसान को दिया। बताया जाता है कि अचानक मौसम का बदलते ही वारिश के साथ आकाशीय बिजली का गर्जन हुआ जिसके चपेट में गौ पालक किसान स्व अयुब अंसारी के पुत्र हबीब अंसारी का खेत में बंधा गाय के आने से मौके पर ही मृत्यु हो गया। हबीब अंसारी ने बताया कि तीनो मवेशी को चरने के लिए खेत में सुबह से बांध रखा था। जिसे दोपहर बाद मौसम खराब होने पर बूंदा बूंदी के साथ वज्रपात हुआ और गाय उसके चपेट में आ गया जिससे घटने स्थल पर गाय की मौत हो गई। मौके पर मौजूद पशु कृत्रिम गभार्धान चिकित्सक रमेश कुशवाहा ने जांचोपरांत गाय को मृत घोषित कर दिया। वही सूचना मिलने पर प्रखंड पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम कराने के उपरांत नियम संगत करवाई कर किसान को क्षतिपूर्ति का लाभ दिया जाएगा।

### ईद की नमाज अदा कर मांगी अमन और शांति की दुआ

गारू (आजाद सिपाही)। गारू प्रखंड़ के बारेसांढ मे शनिवार को बड़ी अकिदत के साथ ईद उल फितर की नमाज अदा कर मुल्क में खुशहाली व भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी। नमाज के पश्चात पुरे मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी गई। एक दुसरे से गले मिल खुशी का इजहार किया।नमाज अदा के पुर्व सदर मुजाहिर अंसारी ने कहा कि रमजान जैसे मुबारक महीने में खुदा अपने बंदों के बीच बहुत करीब हो कर रामो कर्म नाजिल करता है। रोजेदारों व ईद की नमाज मे पहुंचे लोगों की दुआओं को आसानी से अल्लाहताला कबूल फरमाते हैं।हम जिस तरह रमजान के महिने मे हर बुराई से बचे हैं वैसाही पुरे साल बचने की अपील किया गया।

### अगलगी से मकान जल कर राख, बाल बाल बचा परिवार



सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम निवासी ईश्वर महली के पुत्र संतोष महली का खपरैल मकान में देर रात आग लग गया। अगलगी से बगल में राजेन्द्र महली का घर में भी पकड़ लिया। वहीं पीड़ित परिजनों के शोर गुल से स्थानीय ग्रामीण ने रात में उठ आग बुझाने की दिशा में कदम उठाया। आगलगी की सूचना पर भड़गाँव पंचायत मुखिया अनिल उराँव तत्प्रता दिखते हुए घटना की सूचना देर रात थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को दिया। वहीं मुखिया के पहल से ग्रामीणों का सार्थक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण का पता नही चला। बताया जाता है कि दो माह पूर्व बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। आखिर अगलगी कैसे हुआ इस बिंदु को लेकर जांच पड़ताल जारी है। घटना की सूचना शनिवार को अंचलाधिकारी विजय कुमार को मिलते ही भड़गांव पहुंच पीड़ित परिवार से मुलाकात कर अगलगी का जायजा लिया साथ ही पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जांचोपरांत आंशिक क्षति का मुवावजा देने का प्रावधान है। जिसके अनुसार सहयोग करने की बात कही गई।वही संतोष महली एवं राजेन्द्र महली से लिखित आवेदन का मांग किया गया है।

## महुआडांड़ की जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद समेत गांव के अन्य मस्जिदों में अदा की गयी नमाजे ईद



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ स्थित जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम, अम्वाटोली स्थित मस्जिद ए गौसिया, मदीना मस्जिद समेत अन्य गांव की मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा ईद की नमाज अदा की गई।

जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम में मुफ्ती मोहम्मद शब्बीर साहब के द्वारा 8:30 मदीना मस्जिद में इमाम हाफिज खालिद साहब के द्वारा 8:30 बजे एवं मस्जिदे गौसिया में इमाम मौलाना गुलाम सरवर फैजी के द्वारा 8:15 ईद की नमाज अदा करायी गयी। ईद के नमाज की तैयारी को लेकर लोग सुबह से ही मस्जिदों में आना शुरू हो गए वक्त होते-होते मस्जिद पूरी तरह से नमाजियों से भर गई और वक्ते मुकर्ररा पर इमाम के पीछे ईद की नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व जामा मस्जिद मदीना मस्जिद गौसिया मस्जिद के इमाम के द्वारा ईद उल फितर को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। ईद क्यों और कैसे मनाई जाती है ईद में हमें क्या-क्या करना चाहिए इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। ईद के नमाज से पूर्व जितने भी लोग हैं उन्हें सदकाए फितर अदा करना वाजिब है। उनके द्वारा राज्य देश व दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआएं की गई। जिसके बाद सलातो सलाम पढ़ी गई। और इन लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज अदा करने की लेकर हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

**ईद को लेकर बच्चों में देखी गई काफी उत्साह**

ईद को लेकर खास तौर में बच्चों में काफी उत्साह देखी गई बच्चे सुबह से ही नहा धोकर नए परिधानों में सज धज कर नजर आए। बच्चे भी आपस में गले लगाकर एक दूसरे को मुबारकबाद दिए।

**ईद को लेकर कई तरह के बनाए जाते हैं व्यंजन**

ईद की तैयारी को लेकर कई तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं जिसे लेकर महिलाएं रात से ही लग जाते हैं। खासकर मीठी सेवइयां की की तो बात ही अलग है। जैसे शीर खुरमा, गुलाब जामुन, फालूदा, छोला पूड़ी, दही बड़ा, पलाव, बिरयानी, समेत अन्य कई तरह व्यंजन बनाए जाते हैं।

**सुरक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा की गई थी पुख्ता इंतजाम**

सुरक्षा को लेकर महुआडाड पुलिस प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया था। महुआडांड़ थाना प्रभारी के निर्देश पर जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, गौसिया मस्जिद के बाहर पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी।

### उपभोक्ता बिजली बिल ब्याज माफी योजना का उठाएं लाभ

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही) बिजली बिल ब्याज माफी योजना के तहत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बिजली उपभोगताओं के बीच विभाग द्वारा जनहित में प्रचार प्रसार के माध्यम से प्रसारण किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग के द्वारा प्रचार प्रसार के माध्यम से बिजली बिल ब्याज माफी योजना का लाभ की जानकारी देते हुए प्रखंड वासियों को अवगत कराया गया। जनहित में सूचना देते हुए बताया गया कि 31 दिसम्बर 2022 तक बिजली बिल ब्याज माफी आसान किस्तो में चुका कर बिजली का उपयोग सुचारू रूप से इस्तेमाल कर सकते है। यह अभियान झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वधान में बिजली विभाग लोहरदगा प्रमंडल के द्वारा आयोजित किया गया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि कनीय अभियंता सुजीत कुमार के निर्देश पर सेन्हा प्रखंड के विभिन्न पंचायत व गांव में प्रचार गाड़ी के माध्यम से उपभोगताओं को जागरूक करते हुए लाभ उठाने का अपील किया गया है। वही बताया गया कि इसका लाभ घरेलू उपभगत के अलावे किसान वर्ग के लोग भी लाभ उठा सकते है। साथ ही बकाया की बिजली बिल से निजात मिलते ही 100 यूनिट से कम बिजली उपयोग पर मुफ्त बिजली का लाभ भी उठा सकते है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 23 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## गुमला जिला में हर्षोल्लास से मनाया गया ईद का त्योहार, अकीदतमंदों ने मस्जिदों और ईदगाहों में पढ़ी ईद की नमाज

# मुल्क की अमन-शांति और समृद्धि की मांगी दुआ

### रोजदारों के लिए अनमोल तोहफा है ईद : इमाम मौलाना इनआम रब्बानी

आजाद सिपाही टीम

**गुमला।** अल्लाह की जानिब से रोजदारों को एक अनमोल तोहफा के रूप में ईद मिली है। ईद के दिन को हमें नेक कामों में गुजारना चाहिए। गरीबों की मदद करनी चाहिए। आपसी भाईचारे को मजबूत करते हुए एक-दूसरे के घर जाकर एक-दूसरे का हाल जानना चहिए और एक-दूसरे के साथ मोहब्बत से पेश आना चाहिए। यही ईद उल फितर का पैगाम है। उक्त बातें जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इनआम रब्बानी ने अपनी तकरीर के दौरान कही। वे शनिवार को ईदगाह में ईद उल फितर की विशेष नमाज की इमामत कर रहे थे। नमाज के बाद सामूहिक दुआ में उन्होंने अपने मुल्क भारत की तरक्की, अमन, शांति समृद्धि और खुशहाली के लिए रब से दुआएं की। उन्होंने दुआ के दौरान पुलिस प्रशासन के जवानों और अधिकारियों के लिए भी दुआएं की। इस अवसर पर शहर के तेरह मस्जिदों में भी ईद उल फितर की नमाज जमानत के साथ अदा की गई।

मौके पर बाजार टांड़ स्थित मोती मस्जिद, गौस नगर स्थित मसजिद रजाए हबीब, आजाद बस्ती स्थित मस्जिद गौसुल वरा व मदीना मस्जिद, चांदनी चौक स्थित कादरिया मस्जिद, हुसैन नगर स्थित मसजिद फैजान ए रजा, मसजिद रजाए मुस्तफा व मसजिद ए जैनब, खड़िया पाड़ा ढोड़हा स्थित मसजिद होदा सिसई रोड स्थित मक्का मस्जिद, थाना रोड स्थित जामा मस्जिद और सिसई रोड स्थित ईदगाह में ईद उल फितर की विशेष नमाज अदा की गई।


गुमला शहर में ईद की नमाज अदा करते लोग


बसिया में ईद की नमाज के मौके पर मौजूद लोग


बिशुनपुर में नमाजियों के स्वागत में खड़े लोग


भरनो में ईद की नमाज के बाद एक-दूसरे को गले मिल बधाई देते लोग


सिसई में ईद की नमाज अदा करते लोग


रायडीह में नमाज के बाद स्वागत में खड़े लोग

### बसिया

बसिया प्रखंड क्षेत्र में ईद उल फितर धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित मस्जिद ए अक्शा में ईद उल फितर की नमाज हाफिज के इमामत में अदा की गयी। जिसमें सरपरस्त कलीम अहमद, सदर वसीम अख्तर, नवाब सदर मकसूद अंसारी, बेलाल, अफरोज, यूनुस, असरार खान, राजा आलम वगैरह हजरात शामिल हुए। इस मौके पर बसिया समेत पूरे दुनिया के सुख शान्ति के लिए दुआ की गयी। दूसरी ओर किन्दिरकेला स्थित मस्जिद नूरी में हाफिज मंसूर की इमामत में नमाज अदा की गयी। जिसमें मुमताज खान, मुंतजीर खान, सदर अलीम खान, मकेजुल खान, आजाद, ग्यास खान, सेशन खान, अफान खान समेत अन्य उपस्थित थे।

### बिशुनपुर

बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र में पूरे हर्षोल्लास के साथ ईद का त्योहार मनाया गया। मौके पर बनारी स्थित मस्जिद परिसर में मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की एवं एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। मौके पर यूनूस अली, सफीक अली, आजाद अली, जहांगीर मियां, छोटू मियां, जहीर अंसारी, बाबर अंसारी, सेरु खान, इम्तियाज अंसारी, राजन अली सहित कई लोग मौजूद थे।

### भरनो

भरनो प्रखंड में ईद उल फितर का पर्व धूमधाम और भाई चारगी के साथ मनाया गया। प्रखंड के तमाम ईदगाहों और मस्जिदों में इद उल फितर की नमाज अदा की गई। ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इधर भरनो बस्ती स्थित जामा मस्जिद के इमाम मौलाना हुसैन बांदवी द्वारा ईद की विशेष नमाज पढ़ाई गई। इधर भरनो अंजुमन के सदर मो. खलील, नायफ सदर नूर एहसान, सेक्रेटरी मिनहाज अख्तर, जमील अख्तर, बंटी आलम, इकबाल मियां, मुस्ताक आलम द्वारा ईद के नमाज में नमाजियों के लिये विशेष इंतजाम कराया गया।

### सिसई

सिसई प्रखंड क्षेत्र में ईद- उल-फितर हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। ईद के मौके पर लोगों मेन रोड स्थित जामा मस्जिद, मदरसा रोड स्थित ईदगाह, सिसई बस्ती, रहमत नगर, छारदा रोड, करकरी, बघनी, पुसो, ओल्मुण्डा, मुर्गू, लट्ठदाग, सुरसा, लोहंजरा, लरंगो सहित विभिन्न मस्जिदों व ग्रामीण क्षेत्रों में ईद की नमाज अदा कर एक-दूसरे के साथ गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

### रायडीह

रायडीह प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। नवागढ़ पतराटोली ईदगाह, बरगीडांर ईदगाह सूरसांग, कांसीर, महुंआटोली एंव शंखमोड मांझाटोली मस्जिद मे ईद उल फितर की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद एक-दूसरे से गले लग कर ईद की मुबारकबाद पेश किया गया। मौके पर सदर जहीरुद्दीन हबीबी, सेक्रेट्री मोहम्मद तस्लीम खान, अशरफ लालो, आफताब आलम, गुलाब सरवर, हनीफ राय, अबदुल सत्तार, अबदुल कुद्दुस, शाहीद मलिक, खुर्शीद आलम, अफरोज अफरिदी, आसीफ बब्लु, आकीब जमाल, ताज सलीम खान, मोहम्मद मोख्तार, सेराज खान, जैनुल खान, सज्जाद वारीस खान, अफजल आलम, अबदुल हक, फैयाज फिरोज, नसीम खान आदि लोग मौजूद थे।


डुमरी में ईद की नमाज के बाद एक-दूसरे को बधाई देते लोग

### डुमरी

डुमरी प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के तकरीबन गांवों के ईदगाह और मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। मौके पर देश प्रदेश जिला और गांव की खुशहाली, भाईचारगी और तरक्की की दुआ मांगी गयी। ईद के नमाज के बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे का गले मिलकर ईद उल फितर की बधाई दी।

इधर बेलटोली के नौजवानों शाहबाज आलम, फिरदोस अंसारी, तौकीर आलम, इराज आलम, सद्दाम आलम, खुर्शीद आलम, हुसैन पेट्रोल पंप के संचालक अल्ताफ हुसैन की और से शिविर लगाकर सेवाइयां रसगुल्ला, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक पान का वितरण किया गया। प्रशासन चौक चौराहों पर पूरी तरह मुस्तैद दिखा। मौके पर एसआई रवि कुमार, अख्तर अली, शहबाज आलम, हाजी समीउल्लाह आलम, हाजी शालिम, आयूब आलम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एसडीपीओ और थाना प्रभारी की हुई पगड़ीपोशी

गुमला (आजाद सिपाही)। ईदगाह में नमाज के पूर्व एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल तथा थाना प्रभारी विनोद कुमार की पगड़ी पोशी की गई। इस अवसर पर ईदगाह कमेटी के सदर मो. लड्डन उर्फ.हसन ने अपने हाथों दोनों पुलिस पदाधिकारियों की पगड़ी पोशी करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। मो. लड्डन ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और जवान अपनी नींद चैन सब कुछ कुर्बान करते हुए हमारी सुरक्षा करते हैं। हमें चैन से सोने की मोहलत देते हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं की मेहनत और ईमानदारी के कारण शहर में अमन व शांति व्यवस्था कायम रहती है। उन्होंने एसपी डॉक्टर एहतेशाम वकारी का भी धन्यवाद दिया कि उनके नेतृत्व में गुमला पुलिस बेहतर काम को अंजाम दे रही है।

## गुमला पॉलिटेक्निक में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर पक्षियों के लिए पेड़ों पर लगाये गये बर्ड फीडर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पक्षियों को उनकी प्यास बुझाने एवं पानी पिलाने के लिए जल फीडर का उपयोग किया जाता है, क्योंकि गर्मियों के दौरान बाहर की चिलचिलाती गर्मी उन्हें बुरी तरह से निर्जलित कर सकती है। अधिकतर इसे पेड़ों पर रखा जाता है ताकि उन तक पहुंचना आसान हो। गुमला पॉलिटेक्निक ने इसे परिसर में स्थापित करने और पक्षियों को पानी देने और गर्मी के दौरान राहत देने के लिए यह पहल की है। कॉलेज परिसर में अलग-अलग पेड़ों पर पानी के फीडर लगाए गए हैं। इन वाटर फीडरों का निर्माण गुमला पॉलिटेक्निक की निर्माण इकाई में बेकार तेल के डिब्बे और जार का उपयोग करके किया गया है। अपने पंख वाले दोस्तों को आकर्षित करने के लिए फीडरों को शांत क्षेत्रों में लटका दिया गया है। साथ ही इन्हें अच्छी ऊंचाई पर लटकाया गया है ताकि शिकारियों द्वारा इन्हें परेशान न किया जा सके। बर्ड फीडर हमें दैनिक जीवन की हलचल से थोड़ा ब्रेक लेकर प्रकृति के चमत्कारों को देखने का अवसर देता है। एक बर्ड फीडर को बाहर रखने और इसे साफ और भरा रखने का सरल कार्य पक्षियों और उनकी संतानों के जीवित रहने की संभावना को बहुत बेहतर कर सकता है। वातावरण आनंदमय और सुखद हो जाता है।

## दो पड़ोसियों के विवाद में बीच बचाव कर रहे युवक पर तलवार से हुआ हमला

### ईद की सेवई खाने अपने मित्र के घर गढ़वा थाना क्षेत्र के चेतना में गया था युवक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** ईद की सेवई खाने गए युवक पर तलवार से हमला हुआ है। उसे प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया।

गढ़वा थाना क्षेत्र के चेतना में तलवार से मारकर चिंटू मिश्रा पिता विजय मिश्रा नामक युवक को बुरी तरह घायल करने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चिंटू अपने मित्र तारीफ खान पिता नूर आलम खां के यह ईद का सेवई खाने गया था। इसी दौरान नूर आलम खां और बगलगीर मंसूर खान की पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा था। दोनों ओर से चल रहे झगड़ा को बीच बचाव करने चिंटू पहुंचा इसी दौरान मंसूर ने तलवार से चिंटू के गर्दन पर वार कर दिया, जो गर्दन पर न लग कर हाथ पर लगा और चिंटू बुरी तरह से घायल हो गया।

उपरोक्त सारी बातें नूर आलम खां ने बताते हुए कहा कि चिंटू को सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गयौ। प्राथमिक इलाज के बाद घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया है। सूचना के अनुसार गढ़वा थाना पुलिस मंसूर के घर पहुंच गई है और हमला में उपयोग किया गया तलवार खून लगा हुआ बरामद कर लिया है। मौके से मंसूर फरार है। मंसूर राजनीतिक संरक्षण पाने की जुगत में लगा हुआ हैं।

## पत्रकार रमेश पांडे और पत्रकार की माता के निधन पर शोक व्यक्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी ने पत्रकार रमेश पांडेय व पत्रकार निर्मल सिंह की माता के निधन पर शोक जताया है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा है कि पत्रकारों के लिए भी यह दुःख की घड़ी है। निजी तौर पर वे शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से कामना करते हैं कि पीड़ित परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक जताने वालों में अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, रोशन बरवा, अमर कुजूर, हेमावती लकड़ा, बैजनाथ उरांव, हिमेश कुमार, रामनिवास प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## पिठौरिया में हर्षोल्लास के साथ मनी ईद

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया में हर्षोल्लास के साथ ईद का त्योहार मनाया गया। ईद उल फित्र की चांद रात में शहर के मेन रोड, कांके, पिठोरिया कौनकी, पीरुटोला, कोकदूरो, बाड़ू आदि बाजारों में ईद की खुमारी में डूबे लोगों ने रातभर खरीदारी की। दुकानों पर रात में मेले जैसी भीड़ उमड़ी। भीड़ को देखते हुए पिठोरिया चौक पर अभय कुमार थाना प्रभारी के द्वारा ट्रैफिक कंट्रोल के लिए जवानों को तैनात किया गया। चूंकि दुकानदारों ने सड़क पर दुकानें लगा रखी थी। रमजान के पूरे माह की इबादत और रोजे से बदले अल्लाह की तरफ से ईद के तौर पर मिले तोहफे की खुशी रोजेदार दूसरों के साथ बांट लेना चाह रहा है। ईद की खुशी से झूमते रोजेदार ईद से पहले ही गले मिलकर मुबारकबाद देने में जुट गए।

## बैठक : सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी में किया गया विद्यालय प्रबंध समिति का पुनर्गठन

# अध्यक्ष सुरेश शर्मा और सचिव बने अभिमन्यु जयसवाल

### विद्यालय हित के लिए समिति, अभिभावक और आचार्यों से मिलकर कार्य करने की अपेक्षा है : प्रांत शिक्षा प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता




**डुमरी।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय डुमरी परिसर में शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजेश केशरी ने की। बैठक का नेतृत्व प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे एवं जिला निरीक्षक दीनबंधु सिंह के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों के समक्ष वर्तमान सचिव उदय साहू के द्वारा विद्यालय वृत एवं आय व्यय का ब्यौरा देते हुए विद्यालय की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। साथ ही अध्यक्ष राजेश केशरी के द्वारा अध्यक्षीय संदेश देते हुए समिति को भंग कर नयी समिति के गठन की घोषणा की गई।

तत्पश्चात प्रांत शिक्षा प्रमुख के द्वारा संबोधित करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना का उद्देश्य एवं समिति के दायित्वों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। वहीं उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय जनजातीय समाज के उत्थान हेतु स्थापित किया गया है। इसीलिए जनजातीय समाज के संरक्षण एवं संवर्धन में हम सबको अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। विद्यालय विकास के लिए समिति की अहम भूमिका रहती है इसीलिए समिति के लोगों पर विद्यालय को ऊंचाई तक ले जाने की जिम्मेवारी होती है। साथ ही विद्यालय हित के लिए समिति, अभिभावक एवं आचार्यों से मिलकर कार्य करने की अपेक्षा की।

वहीं विद्यालय प्रबंधन हेतु नए समिति के रूप में अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी, सचिव अभिमन्यु जयसवाल, सहसचिव विकास प्रसाद, कोषाध्यक्ष बिपिन कुमार केशरी, संरक्षक जगरनाथ प्रसाद, सब्जीलाल साहू, विजय केशरी, अनिल ताम्रकार, राजेश केशरी, उदय साहू, अभिभावक प्रतिनिधि बेला देवी, पदेन सदस्य दुलार इंदवार (प्रधानाचार्य), प्रांतीय प्रतिनिधि दीनबंधु सिंह (जिला निरीक्षक), सदस्य भागवत कुमार, पवन केशरी, रविशंकर भगत, आमंत्रित सदस्य उमेश कुमार, संजय जयसवाल, संदीप कुमार, समीर मजूमदार, जवाहर कवर एवं गीता देवी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। मौके पर अन्य लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### स्पोर्ट्स अकादमी के सचिव सैयद जुन्नू रैन ने सभी खिलाड़ियों के साथ मनायी ईद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** ईद के अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी के सचिव सैयद जुन्नू रैन ने सभी खिलाड़ियों के साथ अपने आवास में मिलकर धूमधाम से दो दिवासीय मिलन समारोह सह ईद मनाया। साथ ही बच्चों के बीच हर्षोल्लास के साथ पर्व के बारे में बताया कि यह पर्व आपस में भाईचारा बनाए रखता है और यह कई सालों से होता आ रहा है और यह हमारे घर में 15 से 20 साल लगभग से होते आ रहा है। यह पर्व अमीर गरीब सबके लिए बराबर है। एक महीने के कड़ी उपवास के बाद यह पर्व मनाया जाता है। जिसमें माना जाता है कि सभी को नये कपड़े के साथ सभी करीबी से मिल कर मनाया जाता है और आपस में मिठाई खिला कर भाईचारा का संदेश दिया जाता है। मौके में स्पोर्ट्स अकादमी के हाफिज उर रहमान के साथ-साथ सीनियर खिलाड़ी दीपक कुमार, अनीश, रवि, विजय, अरीब, असर, तौफीक, सचिन, नीरज, हर्षिकेश, रोशन आदि लोग मौजूद थे।

### मिशन बदलाव सदस्य ने सदर अस्पताल में भर्ती मरीज के लिए किया रक्तदान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के अनंत कुमार ने सदर अस्पताल विजिट के दौरान देखा कि सुगी उरांव 7 अप्रैल से एडमिट थी और डॉक्टरों ने कहा था कि एबी पॉजिटिव पांच यूनिट ब्लड की जरूरत है। उनके परिजनों के द्वारा दो यूनिट डोनेट किया जा चुका था, लेकिन और एक यूनिट देने के बाद मरीज का ऑपरेशन शुरू होता, लेकिन डोनर नहीं होने की वजह से मरीज के परिजन बहुत चिंतित थे। वे मरीज को डिस्चार्ज करने के बाद अपने घर जा रहे थे। इसकी जानकारी मिशन बदलाव के नगर सचिव बिनय गोप, बसिया प्रभारी लखन गोप, महिला नगर सचिव ज्योति ग्लोरिया कुजूर और चंदकला टोप्पो को मिली। उन्होंने मरीज को समझाया और बताया कि आप चिंता न करें हमलोग आप लोगों के साथ हैं। उसके बाद बसिया प्रखंड अध्यक्ष लखन गोप के द्वारा रक्तदान किया गया। लखन गोप ने कहा कि मेरा रक्त वाकई में दूसरों के काम आया। आज ये पुण्य कार्य के लिये मैं भगवान और सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं और अपील करता हूं कि सभी युवाओं को रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और आपके इस सहयोग से किसी को नई जिंदगी मिलती है। रक्तदान कार्यक्रम में मिशन बदलाव की चंदकला टोप्पो, ज्योति ग्लोरिया कुजूर, बिनय गोप एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बसिया के युवक की केरल में संदिग्ध अवस्था में मौत



**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत लोहड़ी निवासी प्रवासी मजदूर 35 वर्षीय शंकर बाखला की संदिग्ध अवस्था में केरल राज्य में हो गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार शंकर बाखला पिता स्व. फेकू बाखला काम के सिलसिले में केरल राज्य गया था और वहीं एक राइस मिल में काम करता था। रात को परिजनों की उससे बातचीत हुई थी उसके बाद शुक्रवार को उंसके संदिग्ध अवस्था में मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई। परिजनों ने बताया कि शनिवार को केरल में ही उसका पोस्टमास्टम हुआ। शंकर अपने पीछे पत्नी मनीषा बाखला, पुत्र 8 वर्षीय बसंत बाखला और 5 वर्षीय विनीता बाखला छोड़ गया। प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुकरात उरांव ने परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि वे अपने स्तर से पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इसके लिए प्रशासन और श्रम अधीक्षक से भी से वार्ता करेंगे।

### फरार आरोपी पारा शिक्षकों के आवास पर खरौंधी पुलिस ने ढोल पीट कर इश्तेहार चिपकाया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खरौंधी थाना पुलिस के द्वारा उच्च विद्यालय भलूही में एक छात्रा के साथ अश्लील बातचीत के मामले में दर्ज केस में फरार चल रहे पारा शिक्षक नवलेश सिंह तथा विभूति सिंह के विरुद्ध भवनाथपुर थाने की पुलिस की सहयोग से टाउनशिप स्थित सेल के आवासीय परिसर स्थित आवास दोनों आरोपी पारा शिक्षकों के खिलाफ इश्तेहार चस्पा किया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़े से प्रचार प्रसार भी किया गया। कार्रवाई में खरौंधी थाना के जेएसआई पंकज कुमार सहित भवनाथपुर तथा खरौंधी थाने की पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### इटकी में भाईचारगी के साथ मनी ईद



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी के आसपास के क्षेत्र में ईद का पर्व आपसी भाईचारे के साथ शनिवार को मनाया गया। मौके पर ईदगाह व मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा की गयी व एक-दूसरे के गले लगकर पर्व की बधाई दी। इटकी के मुख्य ईदगाह में हजारों की संख्या में नमाजियों ने नमाज में शामिल हुए। ईदगाह में बुद्धिजीवी मंच द्वारा शिविर लगाकर नमाजियों का स्वागत किया गया। बीके सिन्हा, देवेंद्र महतो, प्रदीप कुमार व पंचम महतो सहित अन्य शामिल थे। इधर गड़गांव, कुरगी, झिंझरी, कुंदी, मोरो व टुरुगुरू सहित अन्य गांवों में भी ईद की विशेष नमाज अदा की गयी।

## बोकारो में सैकड़ों जगहों पर प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम का होगा आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 100 एपिशोड पूरे होने पर उसके भव्य आयोजन को लेकर शनिवार को बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव ने की। संचालन जिला महामंत्री जयदेव राय ने की। भरत यादव ने कहा कि पार्टी अथवा मोर्चा का राष्ट्रीय/प्रदेश/जिला/प्रखड/मंडल स्तर के पदाधिकारी/कार्यसमिति के सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, आदि सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओ को बूथ सशक्तिकरण अभियान के आलोक मे अपने प्रखड/मंडल के अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र के प्रभारी, संयोजक आदि से समन्वय स्थापित कर प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्रेषित रूपरेखा के अनुसार 25 अप्रैल तक अपने शक्तिकेंद्र अंतर्गत सभी बूथ समिति का गठन करवाना है। साथ ही 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारित होने वाला संस्करण को देखने व सुनने के लिए टीवी लगा कर अपने अपने शक्ति केंद्र/बूथ क्षेत्र में अनिवार्य रूप से विशेष व्यवस्था करनी है। इसमें विभिन्न वर्ग के न्यूनतम 100 लोगों, जैसे केंद्रीय योजनाओं के लाभुक, छात्र, कर्मचारी, व्यवसायी, बुद्धिजीवी, शिक्षक, खिलाड़ी अध्यात्मिक गुरु, कलाकार आदि की सहभागिता होगी। बोकारो जिला के सभी विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों जगहों पर मन की बात कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। बैठक में किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी विनय सिंह, रोहितलाल सिंह, कुमार अमित, कृष्ण कुमार मुन्ना, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, अनिल स्वर्णकार, संजय त्यागी, सुभाष महतो, विक्रम पांडेय, गौर रजवार, अशोक कुमार पप्पू, इंद्र झा, माथुर मंडल, महेंद्र राय, विश्वनाथ दत्ता, अर्चना सिंह, ऋतुरानी सिंह, हरीश सिंह, अनिल सिंह, पन्नालाल कान्दू, पंचानन महतो, राजीव चौबे, चितरंजन साहू, गिरजा देवी, एके वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पौधरोपण और पक्षियों को पानी देकर यूथ कांसेप्ट ने मनायी ईद



**झरिया (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट की ओर से शनिवार को ईद पर बच्चों को ईदी के रूप में पौधे एवं पक्षियों के पानी का घड़ा भेंट किया गया। छत के ऊपर पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम करने को लेकर जागरूकता का संदेश दिया। संस्था के संयोजक अखलाक अहमद ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में अच्छे संस्कार के साथ ही समाज को जागरूक करना भी है। कहा कि विकास के नाम पर बड़ी संख्या में पेड़ों को काटा जा रहा है, जिस कारण पक्षियों का बसेरा खत्म हो रहा है। साथ ही पर्यावरण को भी क्षति हो रही है। पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए पक्षियों को बचाना और उन्हें हाइड्रेटेड रखना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी बन जाती है। इसके लिए जरूरी है कि हम लोग लगातार हर मौके पर वृक्षारोपण करें एवं बच्चों को इसके लिए प्रेरित करें। वहीं, डॉ एम समीर ने कहा कि अभी रमजान माह समाप्त हुआ है। सभी को एहसास है कि गर्मी प्यास की तड़प क्या होती है। इसलिए बच्चों और लोगों से अपील है कि अपने घरों में पक्षियों के लिए पानी का एक प्याला जरूर रखें। वहीं, मो अशफाक हुसैन ने कहा कि प्यासे पक्षियों और जानवरों के लिए पीने के पानी से भरे बर्तन रखे। मौके पर डॉ एम समीर, मिर्जा अनवर बेग, जहांगीर आलम, जमीरउद्दीन आलम, मोहम्मद नईम, साईम आलम, आफताब आलम, मोहम्मद इकबाल, अशफाक हुसैन, अखलाक अहमद, महताब आलम, अब्दुल हक अर्शी, मोहम्मद अबू हुजैफा और आनम आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ कतरास सार्वजनिक मां काली मंदिर का चार दिवसीय वार्षिकोत्सव शुरू



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास बाजार राजा तालाब स्थित सार्वजनिक मां काली मंदिर का चार दिवसीय वार्षिकोत्सव शनिवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में 251 कुंवारी कन्या-महिलायें सिर पर कलश लिए शामिल थीं। वहीं युवक धार्मिक ध्वज लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। सभी मंदिर प्रांगण से निकल कर लिलौरी मंदिर प्रांगण स्थित कतरी नदी तट पर पहुंचे। जहां आचार्य हराधन बनर्जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरण कराया। सभी लोग कतरास राहुल चौक, भगत सिंह चौक होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचे। जहां पूजा अर्चना के बाद महाआरती की गई। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। कलश यात्रा में रवि कुमार, राजू महतो, मिंटू चंद्रा, दीपू रवानी, सहदेव रवानी, गुहीराम मोदक, समर महतो, विजय पटवा आदि शामिल थे।

## बोकारो में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** परशुराम सेवा समाज बाईसी के तत्वावधान में शनिवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। लगे हाथ उत्तरवाहिनी ईजरी नदी तट पर मंदिर निर्माण कार्य आरंभ हुआ। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बाईसी समाज के सभी कुटुंबजनों की विशेष उपस्थिति में निर्माण कार्य शुरू किया गया। भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्य का शुभारंभ हुआ। बतातें चलें कि मंदिर का भूमिपूजन दंडी स्वामी अनंतानंद सरस्वती पीठाधीश्वर राजगुरू मठ बनारस के सानिध्य में बनारस के विद्वान पंडितो के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न हुआ था। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष उमेश चंद्र शर्मा ने किया। संरक्षक मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जी का मंदिर पूरे झारखंड में आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। संरक्षक जवाहरलाल माहथा ने बाईसी के कुटुम्बजनों को आह्वान किया कि इस मंदिर के निर्माण में आपसी सौहार्द का वातावरण तैयार कर कार्य को सफल बनाने में सहयोग दे। इस मौके पर गयाराम सिंह चौधरी, स्वपन कुमार माहथा, भागीरथ शर्मा, दुर्योधन सिंह चौधरी, कृष्ण कांत माहथा, मिहिर कुमार सिंह, बधन शर्मा, सीताराम शर्मा, बिरेन सिंह, विभूति शर्मा, जवाहर शर्मा, राजदेव माहथा, सपन सिन्हा, दुर्गा माहथा, अशोक शर्मा, हरिबोल शर्मा, प्रकाश शर्मा, भुखाली माहथा, दिनेश चौधरी, प्रह्लाद माहथा, सुभाष सिंह, डॉ गोपाल माहथा, हरिश्चंद्र सिंह, विकास चौधरी, नवलाख ठाकुर, वैभव सिन्हा, कुलदीप माहथा, दीपक शर्मा, आशीष माहथा, रमन माहथा, बोमकेश सिंह चौधरी आदि मौजूद थे।

### मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में देर रात तक दिखी ईद की खुमारी, सभी प्रमुख जगहों पर रही पुलिस की चौकसी

# धनबाद कोयलांचल में शांति-सौहार्द्र के साथ मनी ईद, मांगी अमन-चैन की दुआ

**क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर की गई थी पुलिस की व्यवस्था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में शनिवार को पूरे शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद का त्योहार मनाया गया। सुबह से ही लोग अपने-अपने घरों के आसपास के मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा करने निकल पड़े। नमाज के बाद देश में अमन चैन व तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। वहीं सभी जगह मस्जिद और ईदगाहों में नमाज पढ़ाने वाले इमामों ने त्योहार को शांति, प्रेम और भाईचारे के बीच मनाने की अपील की, ताकि यहां की गंगा जमुनी तहजीब बनी रहे। नमाज के उपरांत सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं व बधाई दी। धनबाद, झरिया, सिंदरी, बलियापुर, कतरास, बाघमारा, लोयाबाद, महुदा, मैथन, चिरकुंडा आदि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में देर रात तक ईद की खुमारी दिखी।





धनबाद कोयलांचल के विभिन्न जगहों पर ईद उल फितर के अवसर पर नमाद अदा कर क्षेत्र ,समाज, राज्य व देश में अमन-चैन और भाइचारे की दुआ मांगते लोग।

### रोजेदारों और बच्चों में दिखा विशेष उत्साह

ईद को लेकर जिले के सभी मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में खासा उत्साह दिखा। विशेष कर रमजान के पूरे महीने रोजा रखने वाले रोजेदारों और बच्चों के चेहरे पर त्योहार की खुशियां साफ झलक रही थी। वहीं कई जगह ईदगाहों के समीप छोटे-छोटे मेले का भी आयोजन किया गया, जहां कई प्रकार के झूले, चाट, आइसक्रीम आदि मनोरंजन की चीजें थीं।

### देर शाम तक चलता रहा सेवइयों का दौर

मस्जिद और ईदगाहों से ईद की नमाज अदा कर लौटने के बाद से ही सवईयों का दौर शुरू हो गया। जिस कारण ईद की खुशियों में मिठास घुल गयी। इस मिठास को दोगुना कर दिया छोटे छोटे ईद मिलन के कार्यक्रमों ने। गली मुहल्लों में ईद मिलन के कार्यक्रम आयोजन किये गए जहां सभी धर्म जाती के लोग जुटे और एक साथ सभी ने सवईयों का आंनद लिया।

### पुलिस चौकस, जगह-जगह दंडाधिकारी तैनात

एक साथ ईद और परशुराम जयंती पड़ जाने के कारण जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस था। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई थी। जिले के सभी 33 थानों और 22 ओपी क्षेत्रों में दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। इसके अलावे 7 जोनल दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई थी। पूरे दिन जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहा। हर अंचल के थानेदार और सीओ पूरी तरह सक्रिय रहे। मस्जिद, ईदगाहों के समीप पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी।

## वर्ग संघर्ष ही समाज की सच्चाई : आनंद महतो

**मासस स्थापना दिवस सह लेनिन जयंती पर सेमिनार का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** मासस स्थापना दिवस सह लेनिन जयंती पर शनिवार को पुराना बाजार स्थित अग्रसेन भवन में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में मासस के केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो ने कहा कि तमाम तरह के जहलतो से मुक्ति का सोच एक मात्र वामपंथियों के पास है। उसका एकमात्र रास्ता समाजवादी दिशा में मानसिक क्रांति का प्रतिफल है। वर्ग संघर्ष ही समाज की सच्चाई है। जिसका अंतिम लक्ष्य समाजवाद और साम्यवाद है। केंद्रीय महामंत्री हलधर महतो ने कहा कि मासस का जन्म अनवरत संघर्षों का परिणाम है, जिसका नेतृत्व कॉमरेड एके राय जैसा प्रखर मार्क्सवादी ने किया है। केंद्रीय सचिव हरिप्रसाद पप्पू ने कहा कि मार्क्सवाद का प्रयोग लेनिन ने करके धरती पर समाजवाद की ठोस बुनियाद रखी और रूस में यूएसएसआर का गठन किया। सेमिनार के पूर्व मासस केंद्रीय कार्यालय के बाहर झंडोत्तोलन कर प्रारंभ किया। सेमिनार की अध्यक्षता पांच सदस्य मंडली ने किया। सेमिनार में महिला नेत्री शुक्ला दास, ललिता देवी एवं रंजीत यादव अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मासस में शामिल हुईं। मसविदा सुभाष सिंह ने पढ़ा। इस मौके पर मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान, अगम राम, पार्वती चक्रवर्ती, मुक्तेश्वर महतो, गणेश महतो, आनंद मयिपाल, सुभाष चटर्जी, दिलीप महतो, पवन महतो, राणा चट्टराज, टूटन मुखर्जी, हिमांशु मंडल, सारथी मंडल, विजय पासवान, संदीप कौशल, अमन चौहान, मोती लाल हेम्ब्रम, लाल मोहन महतो, हीरालाल महतो, देवाशीष पांडे, संतोष रवानी, काशीनाथ मंडल, रामप्रवेश यादव, हरे मुरारी महतो, धर्म बाउरी, मनीष यादव, राकेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, रामप्रकाश महतो, समसुद्दीन अंसारी, गोपाल दास, सुरेश दास, भूषण महतो, विश्वजीत राय, बुटन सिंह, देवाशीष पासवान, मंटू महतो, भगत राम महतो, राजेश बिरुआ, कांता पासवान, शिव बालक पासवान और भगवान पासवान आदि शामिल थे।

## जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करने को लेकर सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** पृथ्वी दिवस 2023 पर एनर्जी स्वराज फाउंडेशन, अटल इनोवेशन मिशन, सीएसआईआर और एआईसीटीई ने जलवायु में बदलाव के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए 'वर्ल्ड लार्जेस्ट ग्लोबल क्लाइमेट क्लॉक असेंबली एंड डिस्प्ले' आयोजित करने के लिए हाथ मिलाया है। विभिन्न सीएसआईआर प्रयोगशालाओं ने अपनी-अपनी प्रयोगशालाओं में पृथ्वी दिवस पर जलवायु घड़ी की असेंबली का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम करना और इस धरती को एक बेहतर स्थान बनाना था। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने शनिवार को पृथ्वी दिवस भी मनाया। जिसमें टाटा स्टील के हेड प्लानिंग श्रीराज अंकुर और प्रबंधक पर्यावरण प्रदीप कुमार को आमंत्रित किया। जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत संस्कृति विद्या मंदिर, दिगवाडीह और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, झरिया, धनबाद के छात्राओं को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने जलवायु घड़ी असेंबली में भाग लिया। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक ने छात्रों को प्रेरक स्वागत भाषण दिया और पंचामृत की अवधारणा को समझाया। उन्हें पेड़ लगाने के लिए भी प्रेरित किया। राज अंकुर और प्रदीप कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। डॉ जेके पाण्डेय और डॉ अभय कुमार सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पौधे भेंट किए, जबकि डॉ पीके मंडल ने स्कूली छात्रों को पौधे भेंट किए।क्लाइमेट क्लॉक को सफलतापूर्वक असेम्बल करने के बाद भाग लेने वाले स्कूलों को एक-एक क्लाइमेट क्लॉक उपहार में दी गई। एक तीसरी जलवायु घड़ी जिसे सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के कर्मचारियों द्वारा तैयार किया गया था और पर्यावरण परिवर्तन से लड़ने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए सीएसआईआर-सीआईएमएफआर में स्थापित किया जाएगा। मुख्य वैज्ञानिक दिलीप कुंभकर और प्रमुख, मानव संसाधन विकास के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ पल्लबी दास और जिज्ञासा नोडल ने कार्यक्रम का समन्वयन किया। वहीं, प्रेम ने छात्रों को जलवायु घड़ी के महत्व को समझाया।

## निरसा के जुनकुदर में मनाया गया भाकपा माले का 54वां स्थापना दिवस

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भाकपा-माले के 54वां स्थापना दिवस पर शनिवार को एग्यारकुण्ड प्रखंड के जुनकुदर में स्थापना दिवस मनाया गया। सबसे पहले झंडोत्तोलन किया गया। केंद्रीट कमेटी की ओर से पार्टी स्थापना दिवस की शपथ की पाठ्य की गई। उपस्थित लोगों ने पार्टी के प्रथम महासचिव कॉमरेड चारू मजुमदार और सभी संस्थापक नेताओं-साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने इन 54 सालों में पार्टी को बनाने और क्रांतिकारी आंदोलन को अग्रगति देने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। मौके पर कॉमरेड लेनिन को सलाम पेश करते हुए उनकी विरासत को आगे बढाने का संकल्प लिया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

## देवी देवताओं की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोहा





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/झरिया।** श्रद्धाभक्ति व हर्षोल्लास के साथ शनिवार को झरिया में भगवान श्री परशुराम जी की जयंती मनाई गई। परशुराम जयंती पर विप्र सेना की ओर से भव्य बाइक शोभा यात्रा निकाली गई। धनसार स्थित सिद्धिविनायक पैलेस से सुबह 10 बजे भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा की शुरूआत हुई। जिसमें राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती व परशुराम जी समेत कई देवी-देवताओं की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। सिर पर भगवा साफा बांध बाइक चलाती सैकड़ो महिलाएं व पुरुषों की ओर से भगवान परशुराम के लगाए जयकारों से पूरा झरिया शहर गूंज उठा। झरिया शहर में यह पहला मौका था जब लोगों ने नारी शक्ति का नजारा देखा। भगवान परशुराम जी की मनमोहक झांकियों के साथ श्रद्धालु डीजे की धून पर नाचते गाते बस्ताकोला, कतरास मोड़, लक्ष्मनिया मोड़, बाटा मोड़, चार नंबर होते हुए पोद्दारपाड़ा स्थित ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचे। इसके बाद भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना, हवन, महाआरती सहित विभिन्न विधानों के साथ छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। इतना ही नहीं आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह समेत कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए शर्बत व ठंडे पानी की व्यवस्था की थी। रागिनी सिंह ने शोभायात्रा में शामिल होकर सभी श्रद्धालुओं को परशुराम जयंती की शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर विप्र सेना के रितेश शर्मा, नीतू तिवारी, शुशील शर्मा, मिल्टन पार्थ सारथी, देवेन तिवारी, दिनेश शर्मा, दीपक शर्मा, प्रो सुधा मिश्रा, जयंत द्विवेदी, रोहित शर्मा, नितिन भट्ट, राम श्रेष्ठ झा, राजकुमार अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, अरिंदम बनर्जी, अभिषेक पांडेय, सतनारायण भोजगड़िया, राममूर्ति पाठक, सनी शर्मा आदि उपस्थित थे।

### सैल्यूट तिरंगा ने धूमधाम से मनायी भगवान परशुराम की जयंती

सैलूट तिरंगा के राष्ट्रीय महासचिव सह भाजपा नेता रमेश पाण्डे ने कतरास मोड़ स्थित कार्यालय में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी हम सभी ब्राह्मण जाति के गुरु थे। हम लोग प्रत्येक वर्ष भगवान की जन्म उत्सव धूमधाम से मनाते हैं। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को अंग वस्त्र व मिठाई देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नागेंद्र सिंह, मुन्ना दूबे, अरविंद पांडेय, विवेकानंद सिंह, बिनोद विश्वकर्मा, सूरज सिन्हा, लक्ष्मण पाण्डे, ढिशु, अजय दूबे, सतेंद्र पांडे, बिजय शर्मा, रिंकू सिंह, पिंटू पांडेय, रविंद्र पासवान, कौशल वर्मा, विशाल पंडित, पंकज कुमार और अरविंद भारती आदि उपस्थित थे।

## धर्म पर कुठाराघात करने वाले हो जायें सावधानः ब्राह्मण कल्याण मंच



**भगवान परशुराम जयंती पर कतरास में निकली भव्य शोभा यात्रा, हजारों लोग हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शनिवार को ब्राह्मण कल्याण मंच आयोजन समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें ब्राह्मण समाज के कई अन्य संगठन भी शामिल हुए। ब्राह्मण समाज के हजारों लोग माथे पर त्रिपुंड व पारंपरिक वेशभूषा में नदी किनारे सूर्य मंदिर प्रांगण से शंख ध्वनि के साथ नगर भ्रमण करते हुए कतरास डीएवी प्लस टू विधालय स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान परशुराम की विधि-विधान के साथ पूजा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बाबा परशुराम ब्राह्मण समाज के भगवान हैं। उन्हें उनकी वीरता और पराक्रम के कारण पूरा ब्रह्मांड जानता है। वे त्रेता युग के ऋषि थे जो भगवान विष्णु के अवतार थे। ब्राह्मण समाज ने सदैव सभी जाति,धर्म,समाज का मार्गदर्शन कर प्रदेश और देश को दिशा दी है। हमेशा दूसरों की भलाई के लिए ही तत्पर रहते है, लेकिन चंद लोग ब्राह्मणों व उनके धर्म पर कुठाराघात करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वे अपने हरकतों से बाज आए। अन्यथा ब्राह्मण को शास्त्र के अलावे शस्त्र भी उठाना आता है। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष अरविंद दूबे, सचिव राम कुमार पाण्डेय, सुमन पाण्डेय, संसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी, एनडी पाण्डेय, मिथुन शर्मा, भरत शर्मा, मुकेश झा, बबलू बनर्जी, प्रभात मिश्रा, सूर्य देव मिश्रा, सुमित उपाध्याय, नीलम मिश्रा, विजय झा, नरेश पाण्डेय, अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# संबलपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर बीजेपी ने राज्यपाल से शिकायत की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल के नेतृत्व में बीजेपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कानून व्यवस्था की दृष्टि से राज्य सरकार की विफलता और आरोपियों को तत्काल सजा दिलाने के संबंध में राज्यपाल श्री गणेश लाल को ज्ञापन दिया है। इस घटना को नौ दिन बीत चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है। पिछले साल हनुमान जयंती पर हुई थी अशोभनीय घटना, लेकिन इस बार हनुमान जयंती पर बवाल सुनियोजित था, आइआइसी ने एफआइआर में जिक्र किया और एसपी ने इसे स्वीकार किया।

पुलिस के पास जुलूस का वीडियो है, लेकिन राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण पिछले 14 तारीख को एक आदिवासी युवक की मौत हो गयी थी। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने पूछा किसके इशारे पर सरकार चल रही है।

राज्यपाल से मिलनेवालों में बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर महांती भुवनेश्वर सांसद अपराजिता षड़ंगी, विधायक मोहन चरण मांझी, ललितेंदु विद्याधर महापात्र, नाउरी नाइक, बुधान मुर्मू, के नारायण राव, प्रदेश उपाध्यक्ष भृगु बक्शीपात्र, प्रदेश उपाध्यक्षा प्रतिभा परीडा, अनीता शुभदर्शिनी पटनायक, राज्य साधारण संपादक पृथ्वीराज हरिचंदन और डॉ लेखाश्री सामंत सिंहार उपस्थित थे।

# भारतीय नौसेना बीएमडी सिस्टम क्षमता वाले राष्ट्रों में शामिल, समुद्र से मिसाइल का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली।** डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने शुक्रवार 21 अप्रैल को बंगाल की खाड़ी में ओडिशा के तट से समुद्र आधारित एंडो-एटमोस्फेरिक इंटरसेप्टर मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। परीक्षण का उद्देश्य शत्रुतापूर्ण बैलिस्टिक मिसाइल खतरे को शामिल करना और बेअसर करना था, जिससे भारतीय नौसेना बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम क्षमता वाले राष्ट्रों के क्लब में शामिल हो गई। इससे पहले, डीआरडीओ ने दुश्मनों से होने वाले बैलिस्टिक मिसाइल खतरों को बेअसर करने की क्षमता के साथ एक भूमि-आधारित बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।

## ओड़िशा केंद्रीय विवि में भारतीय पारंपरिक खेल महोत्सव का समापन

# यह खेल मैदान निश्चित रूप से अर्जुन पुरस्कार विजेताओं को जन्म देगा : प्रो चक्रधर त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय और क्रीड़ा भारती द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय भारतीय पारंपरिक खेल महोत्सव का समापन 22 अप्रैल को विश्वविद्यालय के खेल परिसर में किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में दो दिवसीय भारतीय पारंपरिक खेल महोत्सव को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। ओलंपियन गोपाल सैनी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का यह खेल मैदान निश्चित रूप से अर्जुन पुरस्कार विजेताओं को जन्म देगा। इस अवसर पर कुलपति की धर्म पत्नी, डॉ वसंत मंजरी कर, स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो जतिन एच सोनी, संयुक्त सचिव, खेल भारती मधुमय नाथ, ओडिशा चैप्टर के सचिव दामोदर प्रधान, अर्जुन अवार्डी और प्रख्यात ओलंपियन गोपाल सैनी, विश्वविद्यालय के अकादमिक और प्रशासनिक सलाहकार प्रो सुधेंदु मंडल उपस्थित थे।

प्रो जतिन एच सोनी के संबोधन के दूसरे दिन उन्होंने अतिथियों का स्वागत किया और पारंपरिक खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को स्वस्थ जीवन के लिए सभी प्रकार के खेलों और योग में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। ओलंपियन गोपाल सैनी ने कोरापुट विश्वविद्यालय में आयोजित खेल महोत्सव की तुलना 'जंगल में मंगल' से की। उन्होंने कहा कि यदि उचित मार्गदर्शन दिया जाये, तो इस स्थान पर कई प्रसिद्ध खिलाड़ी पैदा होने की संभावना है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वह 70 वर्ष की आयु में प्रवेश कर चुके हैं, फिर भी वह अपने दैनिक फिटनेस शासन में लंबे समय को कवर करते हैं और छात्रों को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

अखिल भारतीय संयुक्त सचिव डॉ मधुमय नाथ ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेलों से ही हम टीम भावना, खेल भावना और एकता सीख सकते हैं। हमारी संस्कृति का जिक्र करते हुए उन्होंने पतंजलि के बारे में बात की। क्रीड़ा भारती के ओडिशा चैप्टर के अध्यक्ष श्री अशोक नायक ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार, योग, छऊ नृत्य, राया बंसे, पाइक युद्ध कौशल सहित भारत के पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भाषा विद्यापीठ के डीन प्रो एनसी पांडा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बीसीएनआर विभाग की व्याख्याता डॉ काकोली बनर्जी ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

इस अवसर पर जी-20 जन भागीदारी के नोडल अधिकारी डॉ प्रदोष कुमार रथ, डीन छात्र कल्याण डॉ रामेंद्र पाधी, भारत के पारंपरिक खेल महोत्सव के समन्वयक डॉ ज्योतिस्क दत्ता, परीक्षा नियंत्रक डॉ जयंत कुमार नायक, समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी प्रमुख डॉ कपिल खेमुंडू, डॉ कपिल खेमुंडू , अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य विभाग के प्रभारी डॉ संजीत कुमार दास, उड़िया भाषा एवं साहित्य विभाग के प्रभारी प्रमुख डॉ प्रदोष कुमार स्वैन, मानव विज्ञान विभाग के प्रभारी प्रमुख डॉ श्रीनिवास बी कोटनक, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ देबब्रत पांडा, उड़िया भाषा एवं साहित्य विभाग के अध्यापिका डॉ रुद्रनी मोहंती, और अध्यापक डॉ गणेश प्रसाद साहू, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के अध्यापिका डॉ सोनी पाढ़ी, विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगूनाथ भोई उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने पुंछ में शहीद हुई देवाशीष विश्वाल के परिवार को 25 लाख रुपये देने की घोषणा की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शहीद उड़िया सैनिक देवाशीष विश्वाल की अम्लान स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीद देवाशीष विश्वाल के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शहीद देवाशीष विश्वाल के शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें इस दुःखद क्षति को सहन करने के लिए धैर्य और साहस प्रदान करें।

# समलेश्वरी एक्सप्रेस का आंबोदला स्टेशन पर ठहराव

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** रविवार से छह महीने की अवधि के लिए प्रयोगात्मक आधार पर आंबोदला स्टेशन पर 18005/18006 हावड़ा-जगदलपुर- हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस का अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 18005 हावड़ा- जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस 13:15 बजे आम्बोदला पहुंचेगी और 13:17 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में 18006 जगदलपुर- हावड़ा समलेश्वरी एक्सप्रेस 1245 बजे आंबोदला पहुंचेगी और 12:47 बजे प्रस्थान करेगी।



















# एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की बैठक से पहले सोआ में मॉक जी-20 का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** जी20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की तीसरी बैठक 27 और 28 अप्रैल को भुवनेश्वर में होगी. इससे पहले शुक्रवार को एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) में मॉक जी20 सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न संस्थानों के 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और भारतीय लोकतांत्रिक नेतृत्व संस्थान के तत्वावधान में सोआ में आयोजित मॉक जी-20 का विषय भविष्य का कार्य था। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों ने विभिन्न देशों और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में जी-20 के कामकाज के बारे में जागरूकता पैदा करना है। केरल के अतिरिक्त कौशल अधिग्रहण कार्यक्रम की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक उषा टाइटस ने कहा कि छात्र शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में प्रमुख भागीदारी हैं।

जी-20 देशों का वैश्विक डीजीपी का घरेलू उत्पाद का 90 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 80 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने कहा कि साझेदारी और सहयोग के क्षेत्र में विचार-विमर्श के लिए यह एक उत्कृष्ट मंच है।

सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद और आईआईडीएल के पाठ्यक्रम निदेशक देवेंद्र पाई ने भी इस अवसर पर बात की। टाइटस ने कहा कि कोविड-19 ने दुनिया के सोचने के तरीके को बदल दिया है और प्रौद्योगिकी ने हमारे जीवन में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा को चलाने और भविष्य के विकास के लिए सर्वोत्तम व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रौद्योगिकी की बहुत आवश्यकता है।

प्रो नंदा ने कहा कि छात्रों भविष्य के नेतृत्व हैं। इसलिए यह मॉक जी20 कॉन्क्लेव उन्हें दुनिया के विभिन्न मुद्दों को समझने में मदद करेगा। प्रो नंद ने कहा कि 'भविष्य के काम' का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है और युवाओं को इससे सीख लेनी चाहिए।

# बीजेबी कॉलेज परिसर में खेल के दौरान विवाद, तीन घायल, अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** बीजेबी कॉलेज के परिसर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। क्रिकेट के खेल को लेकर गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। बीजेबी कॉलेज के मैदान में खेलने को लेकर गैर छात्र और छात्राओं के बीच विवाद हो गया है। विवाद इस हद तक बढ़ गया कि गैर-छात्रों ने कथित तौर पर छात्रों पर हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार बीजेपी कालेज के आंबेडकर छात्रावास के छात्र को परिसर में क्रिकेट खेल रहे थे। वहां गैर छात्रों के खेलने को लेकर दोनों गुटों में विवाद हो गया, तभी गैर छात्र भड़क गये और छात्रों पर हमला कर दिया। हमले को अंजाम देने बाला 15 से अधिक गैर छात्रों पर आरोप लगा है, जबकि तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घायल छात्रों को कैपिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि मौके पर पहुंची बड़गड पुलिस ने 4 से 5 संदिग्धों को हिरासत में लिया है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**